दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 161
कोटद्वार शुक्रवार
6 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## नैनीडांडा के तीन स्कूल शनिवार तक रहेंगे बंद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नैनीडांडा के बैडहट-मोछण में वन विभाग की गश्त जारी है। अभी तक टीम को गुलदार या बाघ की कोई गतिविधि नजर नहीं आई है। बीते मंगलवार को गुणियां गांव में एक महिला को निवाला बनाएं जाने के बाद इस पूरे क्षेत्र में दहशत बनी है। नैनीडांडा ब्लॉक के तीन स्कूल अब सोमवार को खुलेगें। शिक्षा विभाग ने स्कूलों को शनिवार तक बंद रखने के आदेश जारी किए है।

दहशत को देखते हुए शिक्षा विभाग ने इस क्षेत्र में आने वाले तीन स्कूलों को 7 अक्टूबर तक एहतियातन बंद रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं। यानी अब स्कूल सीधे सोमवार को ही खुलेंगे। पहले इन स्कूलों को बंद रखने के लिए 5 अक्टूबर तक बंद रखे जाने के निर्देश दिए गए थे। पौड़ी के सीईओ दिनेश चंद्र गौड़ ने बताया कि इसके साथ ही ब्लाक स्तरीय शरदकालीन खेल प्रतियोगितओं में हिस्सा लेने वाले छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर पूरा ध्यान रखने के निर्देश संबंधी स्कूलों के हेड को दिए गए हैं। जो स्कूल बंद रखे हैं उनमें राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल मोछण, प्राथमिक विद्यालय मोछण और प्राइमरी स्कूल बैडहाट शामिल हैं।

## जवाब ना देने पर शिक्षा विभाग पर 25 हजार का जुर्माना लगाया

**नैनीताल**। हाईकोर्ट ने प्रदेश के स्कूलों में छात्रों की ओर से जमा की जाने वाली संचायिका के लाखों रुपये में गड़बड़ी और रुपये छात्रों को वापस न लौटाए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने अभी तक सरकार के द्वारा जवाब पेश नहीं करने पर 25 हजार का अर्थदंड शिक्षा विभाग पर लगाया है। मामले के अनुसार आरटीआई क्लब देहरादून ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की है। जिसमें कहा कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 2016 तक स्कूली छात्र-छात्राओं से बचत को प्रोत्साहित करने के लिए कुछ धनराशि फीस के साथ संचायिका के रूप में जमा कराई जाती थी।

# लाल डायरी में कांग्रेस के भ्रष्टाचार की काली करतूत, बीजेपी सरकार आने पर खोलेंगे सारे राज: मोदी

**जोधपुर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, किसानों से वादाखिलाफी, कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं पेपर लीक माफिया पर अंकुश लगाने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने पर प्रदेश में खुशहाली लाएगी और बहुचर्चित लाल डायरी का राज खोलेगी। पीएम मोदी गुरुवार को यहां जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गत पांच साल सरकार एक कदम भी नहीं चली। यहां चौबीस घंटे कुर्सी का खेल चलता रहा।



उन्होंने बहुचर्चित लाल डायरी का जिक्र करते हुए कहा कि लाल डायरी में कांग्रेस के भ्रष्टाचार की हर काली करतूत शामिल है। लाल डायरी के राज बाहर आने चाहिए लेकिन कांग्रेस वाले इसके राज बाहर आने नहीं देंगे लेकिन भाजपा की सरकार बनने पर वह लाल डायरी का राज खोलेगी और भाजपा ही भ्रष्टाचार को मिटाएगी। इसलिए इस बार भाजपा की सरकार बननी चाहिए।उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा आएगी तो राजस्थान में खुशहाली लाएगी।

उन्होंने भाजपा का संकल्प राजस्थान को पर्यटन में नंबर एक बनाने का बताते हुए कहा कि यह काम जनता का वोट कर सकता है और जनता के वोट के वोट की ताकत से भाजपा सरकार बनेगी और राजस्थान पर्यटन में नंबर एक बनेगा। उन्होंने चुनाव के समय बेरोजगारी भत्ते का वादा करने वाली कांग्रेस ने यहां के युवाओं को पेपर लीक माफिया के हवाले कर कर देने का आरोप लगाते कहा कि पेपर लीक माफिया ने युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर दिया लेकिन भाजपा की सरकार आने पर पेपर लीक माफिया पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि क्या कांग्रेस की पहली और आखिरी नीति तुष्टिकरण है। राम नवमी, हनुमान जयंती, परशुराम जयंती, कोई भी त्योहार ऐसा नहीं है जिसमें राजस्थान से पथराव की खबरें न आती हों। जिस जोधपुर शहर को शांति के लिए जाना जाता था वहां दिन दहाड़े गैंगवॉर होती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को बेटियों की परेशानी से मतलब नहीं है। पानी की समस्या राजस्थान में है, हम हर घर में नल कनेक्शन पहुंचाना चाहते हैं लेकिन यहां तो पानी की योजना में भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि देश के कई राज्य पानी मुद्दों पर एक दूसरे की मदद नहीं करते लेकिन भाजपा का चरित्र देखिए कि जब गुजरात में वह मुख्यमंत्री थे तो नर्मदा का पानी राजस्थान को देने में एक घंटा नहीं लगाया। उन्होंने कहा कि आजकल एक फिल्म आई है, जिसका नाम वैक्सीन वॉर है। उस फिल्म में वैज्ञानिकों की मेहनत को दर्शाया है। पीएम मोदी ने कहा "मैं गरीबी एवं उसकी तकलीफों को जानता हूं, क्योंकि मैंने गरीबी को जीया है।

वर्ष 2014 के बाद हमने ऐसी नीति बनाई, जिससे गरीबी दूर हो रही है और मैं गरीबों के लिए दिन रात जुटा हूं।" उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर क्षेत्र एवं हर वर्ग के लिए काम कर रही हैं और देश को अर्थव्यवस्था के मामले में विश्व में दसवें नम्बर से पांचवें नम्बर ला दिया गया और अब कुछ वर्षों में ही भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।

## न गरीबों का पैसा लूटने दूंगा, न ही कांग्रेस नेताओं को तिजोरी भरने दूंगा

**जबलपुर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक बार फिर भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोलते हुए कहा कि 2014 के बाद कांग्रेस की कमीशनखोरी बंद हो जाना ही विपक्ष के गुस्से का कारण है और वे (श्री मोदी स्वयं) न तो गरीबों का पैसा लूटने देंगे और ना ही कांग्रेस नेताओं की तिजोरी भरने देंगे।



श्री मोदी मध्यप्रदेश के महाकौशल अंचल के जबलपुर में आज रानी दुर्गावती जयंती के अवसर पर रानी दुर्गावती के स्मारक और उद्यान का भूमिपूजन करने आए थे। इस दौरान उन्होंने लगभग 12 हजार छह सौ करोड़ रुपए की लागत वाली अन्य कई परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया, जिसमें गैस पाइप लाइन परियोजना, पेयजल, सडक् और आवास संबंधित कई परियोजनाएं शामिल थीं। समारोह में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत में श्री मोदी ने रानी दुर्गावती की नगरी जबलपुर में अपने संबोधन में कहा कि अगर किसी और देश के पास रानी दुर्गावती जैसी वीरांगना होती तो वो देश पूरी दुनिया में उछलकूद कर लेता, हमारे यहां भी ऐसा होना चाहिए था, पर आजादी के बाद हमारे यहां महापुरुष भुला दिए गए।उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी 2013-14 के अखबारों की खबरों को पढ़ें, जिनमें सिर्फ घोटालों की खबरें छपती थीं। मौजूदा सरकार ने आकर उसका भी स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के गुस्से का कारण ही यही है कि अब वो कमीशनखोरी बंद हो गई है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि वे न तो लूटने देंगे गरीबों का पैसा, न कांग्रेस नेताओं की तिजोरी भरने देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश आज ऐसे मुहाने पर है, जहां विकास में कोई भी गिरावट आई तो वो 20-25 साल में भी नहीं लौटेगी। उन्होंने कहा कि 25 साल से कम उम्र वाले लोगों की जिम्मेदारी है कि जब उनके बच्चे जवान हों तो उनके सामने विकसित मध्यप्रदेश हो।

## एजेंसियां ऐसा कठोर रुख अपनाएं, जिससे नया आंतकवादी संगठन नहीं बन सके: अमित शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो दिवसीय 'आतंकवाद विरोधी सम्मेलन 2023' में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें न केवल आतंकवाद से लड़ने की जरूरत है, बल्कि इसके पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को भी खत्म करने की जरूरत है। इसके लिए हमें पूरी सरकार और टीम इंडिया की भावना के साथ काम करना होगा। सभी आतंकवाद विरोधी एजेंसियों को ऐसा कठोर दृष्टिकोण अपनाना होगा कि नए आतंकवादी संगठन न बन सकें।



उन्होंने कहा कि एनआईए, एटीएस और एसटीएफ का काम केवल जांच तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें लीक से हटकर सोचना चाहिए और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए नए कदम उठाने चाहिए। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक स्तर से लेकर जमीनी स्तर तक सहयोग की आवश्यकता है, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी शामिल है।अमित शाह ने दिल्ली में आंतकवाद रोधी बैठक में कहा कि मोदी सरकार के कड़े निर्णयों की वजह से जम्मू-कश्मीर, नक्सल प्रभावित इलाकों और पूर्वोत्तर में हिंसा में कमी लाने में बड़ी सफलता मिली है। पीएम मोदी ने क्रिप्टो, हवाला, आतंकवाद वित्तपोषण से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कड़ा रुख अपनाया है। इसके बहुत अच्छे नतीजे आए हैं, लेकिन बहुत कुछ किया जाना अभी भी बाकी है।

### चीन की आक्रमकता पर चौहान का बड़ा बयान

## देश के लिए इस पर ध्यान बनाए रखने की बात कही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांचवें जनरल केवी कृष्ण राव मेमोरियल व्याख्यान में 'वैश्विक भू-राजनीतिक व्यवस्था में आने वाली दिक्कतों' पर चर्चा करते हुए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भारत के रणनीतिक स्वायत्तता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, गुटनिरपेक्षता के अपने दृष्टिकोण से विश्व मित्र के दौर में आगे बढ़े।



चीन के साथ उत्तरी सीमाओं पर विवाद को लेकर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने कहा कि नई दिल्ली को रणनीतिक स्वायत्तता कार्ड खेलना होगा। साथ ही उन्होंने कहा, रणनीतिक स्वायत्तता अवसरों का फायदा उठाने के लिए प्रासंगिक हो सकती है। हमें अवसरों के बारे में अधिक सोचना चाहिए। चीन की बढ़ती आक्रमकता साफ दिखाई दे रही है। भारत का चीन के साथ अपनी उत्तरी सीमाओं पर एक बड़ा विवाद है।

## भारत बनेगा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

### मिल रहा राजनीतिक स्थिरता और नीतियों में सुधार का लाभ

**नई दिल्ली , एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि अभी भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है और यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।श्रीमती सीतारमण ने श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 97वें वार्षिक दिवस कार्यक्रम में कहा कि वर्ष 2013-14 में भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी। अगले कुछ सालों में यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी । उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्थिरता और नीतियों में सुधार का लाभ मिल रहा है।



सरकार की निर्णय लेने की क्षमता से भारतीय अर्थव्यवस्था का तेजी से विस्तार हो रहा है। इनके कारण भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में कोई बाधा नहीं है।

वित्त मंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान ना तो हमने विदेश से कर्ज लिया और ना ही जमकर पैसे छापे। जो लोग उस समय करेंसी छापने की वकालत कर रहे थे, वे लोग ही आज राजस्व घाटे पर सवाल उठा रहे हैं। आर्थिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि इस समय फर्टिलाइजर, फूड और फ्यूल को लेकर पूरी तरह अनिश्चितता की स्थिति है। यह नहीं पता है कि अनाज की आपूर्ति काला सागर के रास्ते से होगी या फिर किसी और रास्ते से। यही हाल फर्टिलाइजर और फ्यूल मार्केट का है। यहां उतार चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। पूरा वैश्विक सप्लाई चेन बिगड़ा हुआ है।

## घनसाली के चंदला गांव में दरारें पड़ने से लोगों में दहशत

**नई टिहरी।** घनसाली के घुत्तू भिलंग में निर्मित 29 मेगावाट की भिलंगना हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट की 6 किमी लंबी की सुरंग के ऊपर बसे चंदला गांव के आवासीय भवनों और कृषि भूमि में दरारें आने से ग्रामीण दहशत में आ गए हैं।

ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से विस्थापन की मांग की है। वर्ष 2004 में भिलंगना हाइड्रो पावर का कार्य पूर्ण होने के बाद बिजली उत्पादन शुरू हो गया। लेकिन तब से परियोजना की 6 किमी लंबी सुरंग के ऊपर बसे गांवों में हल्का-हल्का भू-धंसाव होने के साथ दरारें पड़नी शुरू हो गई थी। ग्रामीण भजन सिंह रावत बताया कि हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट की सुरंग के ऊपर बसे चंदला, वीना, सिंदवाल गांव तथा जोगियाडा सहित 6 गांवों के भवनों और कृषि भूमि में भूधंसाव के साथ दरारें पड़ने से ग्रामीण परेशान थे। बताया कि धीरे धीरे दरारें चौड़ी होने लगी है।

बताया चंदला गांव में पड़ी दरारों की चपेट में कई आवासीय भवन और कृषि भूमि आ गई है। दरारें बड़ी होने से ग्रामीणों में दहशत में है, डर के मारे कई लोग अपने घरों को छोड़ चुके हैं। बताया इस संबंध में ग्रामीणों ने पूर्व में डीएम को पत्र भेजकर प्रभावित गांवों का निरीक्षण कराने की मांग की थी। जिसके बाद घनसाली एसडीएम शैलेन्द्र सिंह नेगी ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि चंदला गांव के भवनों और आंगनों में चौड़ी दरारें पड़ी हुई हैं, जिसकी रिपोर्ट डीएम को भेजी गई है। उधर घनसाली तहसीलदार महेशा शाह ने बताया कि शुक्रवार को तीन सदस्यीय टीम प्रभावित गांवों का दौरा करेगी। टीम में प्रशासन, जियोलॉजिकल और आरडब्ल्यूडी घनसाली के प्रतिनिधि शामिल होंगे। कहा सर्वेक्षण टीम की रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## हाईकोर्ट को जमानत देने के अपने आदेश की समीक्षा करने की इजाजत नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हाई कोर्ट को जमानत देने के अपने ही आदेश की समीक्षा करने की अनुमति नहीं है, जब तक कि जमानत रद्द करने के लिए वैध आधार उपलब्ध न हो।न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने बुधवार को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा पारित एक आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें कहा गया था कि आरोपी को पहले दी गई जमानत को रद्द करने का कोई आधार नहीं बनता है।

## द्रौपदी का डांडा-2 हिमस्खलन: एक साल बाद बर्फ में दबा मिला लापता पर्वतारोही का शव

**उत्तरकाशी, एजेंसी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में द्रौपदी का डांडा-2 में हुए हिमस्खलन हादसे के एक साल बाद आज गुरुवार को एक लापता पर्वतारोही का शव बरामद हुआ है। दूसरा पर्वतारोही अब भी लापता है। अब हादसे में मृतकों की संख्या 28 हो गई है।

चार अक्तूबर 2022 नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) के इतिहास में वह तारीख थी जिसने निम प्रबंधन को कभी न भूलने वाला गम दिया। निम के 34 प्रशिक्षुओं का दल द्रौपदी का



डांडा-2 चोटी आरोहण के दौरान हिमस्खलन की चपेट में आ गया था जिसमें कुल 27 लोगों की मौत हो गई थी।वहीं, दो लोग उत्तराखंड से नौसेना में नाविक विनय पंवार व हिमाचल निवासी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक वशिष्ट लापता चल रहे थे। गुरुवार को एक शव मिला, जिसकी शिनाख्त विक विनय पंवार के रूप में हुई। शव को जिला अस्पताल उत्तरकाशी लाया जा रहा है। हादसे में उत्तरकाशी जनपद ने एवरेस्ट विजेता सविता कंसवाल व पर्वतारोही नौमी रावत को खोया था। दोनों प्रशिक्षुओं के दल में बतौर प्रशिक्षक शामिल थी। जिनकी मौत की खबर ने उनके परिवार सहित जिले को कभी न भूलने वाला गम दिया। सविता ने बहुत कम समय में पर्वतारोहण के क्षेत्र में बड़ा मुकाम हासिल कर लिया था।

## पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी में बेहतर प्रशिक्षण से राज्य में बढ़ेगें रोजगार के अवसरः मुख्यमंत्री

**देहरादून(सं)**। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में गुरूवार को सचिवालय में समग्र शिक्षा उत्तराखण्ड और स्विस एजुकेशन ग्रुप, स्विटजरलैंण्ड के मध्य समझौता ज्ञापन किया गया। उत्तराखण्ड में 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान के लिए राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा श्री बंशीधर तिवारी एवं स्विस एजुकेशन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हिराज आर्टिनियन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। स्विस एजुकेशन ग्रुप द्वारा राज्य में विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम को बेहतर बनाने में भी सहयोग दिया जायेगा।



मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में 09वीं से 12वीं कक्षा तक के बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा के तहत पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में बेहतर प्रशिक्षण के लिए यह समझौता आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में इन दोनों क्षेत्रों में रोजगार की काफी संभावनाएं हैं। इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण से दक्षता हासिल कर हमारे विद्यार्थियों को रोजगार के अनेक अवसर मिलेंगे। राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। धार्मिक, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन के साथ ही ईको टूरिज्म, वैलनेस को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य किये जा रहे हैं। हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में भी राज्य को काफी प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। इस क्षेत्र में भी आने वाले समय में राज्य में अनेक संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में स्विट्जरलैंड के साथ हुए इस समझौते में अहम भूमिका निभाने पर अभय दास महाराज का आभार व्यक्त किया। लगभग 04 माह पूर्व इन क्षेत्रों में राज्य को सहयोग देने के लिए मुख्यमंत्री एवं अभय दास महाराज के बीच चर्चा हुई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा में लाखों श्रद्धालु देवभूमि उत्तराखण्ड आते हैं। राज्य सरकार का प्रयास है कि 12 माह श्रद्धालु एवं पर्यटक बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड के धार्मिक और पर्यटक स्थलों में आयें, इसके लिए मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन पर तेजी से कार्य किये जा रहे हैं। इसके तहत प्रथम चरण में 16 मन्दिर चिन्हित कर कार्य शुरू किये जा चुके हैं। श्री अभयदास महाराज ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र का मजबूत होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड आध्यात्म का केन्द्र है। विदेशों में उत्तराखण्ड आध्यात्म के केन्द्र खोलने की दिशा में कार्य करेगा, तो इसमें रोजगार की काफी संभावनाएं हैं।

सचिव विद्यालयी शिक्षा श्री रविनाथ रमन ने कहा कि 09वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए व्यावसायिक शिक्षा के तहत पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में बेहतर प्रशिक्षण के लिए यह समझौता हुआ है। स्विस एजुकेशन ग्रुप की फैकल्टी द्वारा स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## चीन के बाद अब यह देश भी बना रहा सीमा पर दीवार, 32 किमी होगा निर्माण

**मेक्सिको सिटी, एजेंसी।** अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन आप्रवासन के बढ़ते स्तर को रोकने के प्रयासों तहत दक्षिणी टेक्सास में सीमा पर दीवार के एक नए हिस्सा का निर्माण करेगा। बीबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि यह हिस्सा लगभग 32 किमी (20 मील) का होगा और इसका निर्माण मेक्सिको के साथ सटी सीमा पर स्टार काउंटी में किया जाएगा। यह वही हिस्सा है, जहां से अधिकारी अप्रवासियों को सीमा पार से इस पास बड़ी संख्या में घुसने की रिपोर्ट का दावा करते हैं। सीमा पर दीवार बनाना राष्ट्रपति के तौर पर डोनाल्ड ट्रम्प की एक महत्वपूर्ण नीति थी और इसका डेमोक्रेट्स ने इसका कड़ा विरोध किया था।श्री बाइडेन ने 2020 में वादा किया कि यदि वह राष्ट्रपति चुने गए तो वह एक और फुट भी दीवार नहीं बनाएंगे, लेकिन अवैध सीमा पार करने वालों की बढ़ती संख्या ने इस मुद्दे को राष्ट्रपति को दोबारा सोचने का मजबूर कर दिया।



# छः माह से अधिक लंबित वादों को प्राथमिकता पर निस्तारित करें : डीएम

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरूवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में राजस्व स्टाफ की मासिक समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने बैठक में क्रमवार राजस्व/रेगुलर पुलिस, खनन, परिवहन, आबकारी विभाग, दैवीय आपदा, राजस्व वसूली, विवादित वाद आदि के तहत अद्यावधि तक की गई कार्रवाई एवं उपलब्धि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने सभी उप जिला मजिस्ट्रेट द्वारा तहसील स्तर आयोजित कोर्ट, दायर वाद, निस्तारित वाद की जानकारी लेते हुए नियमित कोर्ट लगाने और 06 माह अधिक लंबित वादों को प्राथमिकता पर लक्ष्य निर्धारित कर निस्तारित करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि विविध देयकों में प्राथमिकता पर वसूली करते हुए निर्धारित लक्ष्य हासिल किया जाए। दैवीय आपदा में जारी धनराशि का वितरण करते हुए प्रभावित परिवारों का शीघ्र विस्थापन किया जाए। तहसीलों के आवासीय भवनों के निर्माण में तेजी लाई जाए। थराली, कर्णप्रयाग तथा गैरसैंण उप जिलाधिकारी को अपने क्षेत्रान्तर्गत निरीक्षण बढ़ाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा का अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्रकार के प्रमाण पत्रों का निर्धारित अवधि में निर्गत करना सुनिश्चित करें। कहा कि इसकी प्रत्येक सप्ताह समीक्षा की जाएगी। अपणु स्कूल अपणो प्रमाण पत्र के तहत भी जनपद में 11वीं कक्षा के शत प्रतिशत छात्रों के प्रमाण पत्र बनाए जाए। जिलाधिकारी ने परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि ओवर स्पीड, ओवल लोडिंग, नशा करके वाहन का संचालन आदि अभियोग में पुलिस व राजस्व अधिकारियों के साथ संयुक्त चेकिंग करके चालान में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। खनन अधिकारी को अवैध खनन रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई करने, खनन मामलों में जारी नोटिस के सापेक्ष राजस्व वसूली करने तथा कार्यदायी संस्थाओं के साथ कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश दिए।

# विकास कार्यों के लिये धन की कमी नहीं होगी:अग्रवाल

ऋषिकेश। शहरी विकासमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि ऋषिकेश क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए धन की कमी नहीं होगी। अग्रवाल सेवा पखवाड़े के तहत गुमानीवाला में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने विभिन्न मार्गों के निर्माण के लिये विधायक निधि से 10 लाख और 30 स्ट्रीट लाइटें देने की घोषणा की। कहा कि विधानसभा क्षेत्र में विकास ही उनकी प्राथमिकता है। गुरुवार को सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित संपर्क अभियान कार्यक्रम में मंत्री अग्रवाल गुमानीवाल पहुंचे। यहां उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण के लिये धनराशि देने की घोषणा की। गुमानीवाला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ कर अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार के साढ़े नौ सालों में सड़क, रेल, हवाई कनेक्टिविटी



का देश में तेजी से विस्तार हुआ। स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हुए है। उत्तराखंड में भी धामी सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही है। ऋषिकेश, हरिद्वार को एडवेंचर टूरिज्म और योग की राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष श्यामपुर दिनेश पयाल, महामंत्री चंद्रमोहन पोखरियाल, कार्यक्रम संयोजक सतपाल राणा, विमला रतूड़ी, रीना पंवार, गोदावरी देवी, अन्नपूर्णा लेखवार, पिंकी सजवाण, सरस्वती पांडेय, नीमा देवी, रजनी पैन्यूली, भरत सिंह आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों का राजमार्ग प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन

ऋषिकेश। श्यामपुर के ग्रामीणों ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हरिद्वार–ऋषिकेश हाईवे पर पैच वर्क की खराब गुणवत्ता पर आक्रोश जताया।

ग्रामीणों का कहना है हाईवे में जिन स्थानों पर पैच वर्क कार्य किया जा रहा है, वहां सड़क बनने के बाद जल्द ही उखड़ जा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि एनएन ने गुणवत्ता में सुधार न किया तो वह आंदोलन तेज करने के लिए बाध्य होंगे। गुरुवार को श्यामपुर के ग्रामीण हरिद्वार–ऋषिकेश हाईवे पर श्यामपुर में एकत्रित हुये और एनएच प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि पैच वर्क की खराब गुणवत्ता के चलते सड़क बनते ही उखड़ जा रही है। कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला ने कहा कि पैच वर्क की गुणवत्ता खराब होने से सड़क उखड़ रही है। इससे दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। खराब गुणवत्ता के चलते कुछ माह पूर्व बने हाईवे पर गहरे गड्ढे हो गये हैं।

अब गड्ढों को भरकर पैच वर्क का कार्य हो रहा है। लेकिन गुणवत्ता में कमी के चलते जिन स्थानों पर यह काम हुआ है, वहां भी सड़क उखड़ने लगी है। श्यामपुर ग्राम प्रधान विजयपाल जेठूड़ी ने कहा कि बरसात में हाईवे पर पानी भरने से कई लोग चोटिल हुए। अब जब विभाग ने गड्ढों को भरने का शुरू किया तो खराब गुणवत्ता के कारण रोड फिर उखड़ने लगी है। कहा कि अगर चौबीस घंटे के अन्दर सही गुणवत्ता के साथ सड़क को ठीक नहीं किया गया तो विभागीय अधिकारियों का घेराव करेंगे। एनएच के सहायक अभियंता अमित वर्मा का कहना है कि फिलहाल हाईवे पर गड्ढों को भरने का काम हो रहा है।गड्ढों को भरने के बाद फिर डामरीकरण किया जायेगा। प्रदर्शनकारियों में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयपाल रावत, कुलदीप असवाल, प्यार सिंह पुंडीर, सोनू वालियान, विजेंद्र खरोला, धर्मराज पुंडीर, रमेश रागढ़, जयपाल चौहान, धीरेंद्र रावत, महेश चौहान, गौतम राणा, आशीष पंवार, नितिन रावत, कार्तिक, अशीष, अभिषेक पाल, सूरज भट्ट, राहुल आदि शामिल रहे।

### ऑपरेशन स्माइल की टीम ने बच्चे को परिजनों से मिलाया

नई टिहरी : टिहरी जिला पुलिस की ऑपरेशन स्माइल टीम ने एक बच्चे को उसके परिजनों से मिलाया। टीम ने बच्चे को राजकीय बाल गृह रोशनाबाद हरिद्वार से बरामद करते हुए आवश्यक कार्रवाई के बाद परिजनों के सुपुर्द कर किया। पुलिस की मीडिया सेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएसपी टिहरी के निर्देश पर सीओ ऑपरेशन ओशिन जोशी के नेतृत्व में ऑपरेशन स्माइल टीम द्वारा गुमशुदाओं के भौतिक सत्यापन, गुमशुदा बालक-बालिका, महिला-पुरुषों की खोजबीन की जा रही है। इसी क्रम एक अबोध बालक राजकीय बाल गृह रोशनाबाद हरिद्वार में मिला, जो कि गुम-सुम एक कोने में बैठा था।

# हिमालय उन्नति मिशन के पदाधिकारियों ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में ह्यह्यहिमालय उन्नति मिशनह्ह्व के पदाधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को बताया कि उत्तराखण्ड में संस्था द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई स्कूलों में डिजिटल लिटरेसी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं वही गांवों में भी यह कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विभिन्न जेलों में कैदियों को भी इस कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किया गया है। संस्था द्वारा स्मार्ट बॉर्डर स्कूल के अंतर्गत भी बॉर्डर एरिया के स्कूलों में आधुनिक सुविधाएं



प्रदान की जा रही है। यूथ लीडरशिप प्रोग्राम के तहत युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वाइब्रेंट विलेज में भी संस्था द्वारा विभिन्न तरह के कार्य किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने संस्था के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उत्तराखण्ड के 05 वाइब्रेंट विलेज के विकास में सहयोग की अपेक्षा की और कहा कि इन गावों के विकास हेतु सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पहल पर वाइब्रेंट योजना के तहत सीमावर्ती गांवों का विकास किया जाना है। इन गांवों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना बेहद जरूरी है। उन्होंने संस्था के यूथ लीडरशिप कार्यक्रम की भी प्रशंसा की। इस अवसर पर संस्था के मुख्य सलाहकार एयर मार्शल वी.पी.एस. राणा (रि.), राज्य समन्वयक नितिन जैन और संस्था के राकेश डंगवाल उपस्थित रहे।

## एक नजर

### छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाएं

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के राइंका घुमेटीधार में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से एक दिवसीय आपदा त्वरित राहत-बचाव कार्य एवं जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्य की जानकारी डेमो के माध्यम से दी गई। डीएम के निर्देश पर जिले के विभिन्न विद्यालयों के आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के तहत राइंका घुमेटीधार में विशेषज्ञों ने छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टॉफ को आपदा उपकरणों की जानकारी, आपातकालीन स्ट्रेचर बनाना, प्राथमिक उपचार, आग से बचने के तरीके और बाढ़ से बचाव के तरीके आदि की जानकारी दी गई। इसके साथ ही आपदा के समय आपातकालीन परिचालन केंद्र, राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के सम्पर्क नम्बरों व टोल फ्री नम्बर की जानकारी देने के साथ ही विद्यालय परिसर के सुरक्षित स्थान एवं निकासी मार्गों की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाचार्य हेमलता चौहान आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### बादशाहीथौल परिसर में छात्र संघ चुनाव 14 को, तैयारियां शुरू

नई टिहरी : एनएनबी केंद्रीय विवि परिसर स्वामी रामतीर्थ परिसर बादशाहीथौल में 14 अक्तूबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करने की विवि प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। गुरुवार को बादशाहीथौल विवि परिसर निदेश-ाक प्रो. एए बौडाई ने चुनाव संपन्न कराने को लेकर तीन सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया गया है। चुनाव समिति में डा. डीके शर्मा को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, डा. केसी पेटवाल को निर्वाचन अधिकारी तथा डा. रविन्द्र सिंह को सहायक निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है। नामांकन प्रक्रिया में सहयोग हेतु अन्य कमेटियों का भी गठन किया गया है।

# राज्यपाल ने किया वेल्हम बॉयज़ स्कूल में आयोजित मिलिट्री हिस्ट्री सेमिनार का उद्घाटन

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरूवार को वेल्हम बॉयज़ स्कूल में आयोजित मिलिट्री हिस्ट्री सेमिनार का उद्घाटन किया। इस सेमिनार में अरूणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के. टी. परनाइक (से नि) भी उपस्थित रहे। दो दिवसीय इस सेमिनार में देश भर के 38 स्कूलों के छात्रों और कई पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सेमिनार के प्रथम सत्र को बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि प्रत्येक देशवासी को भारत के सैन्य इतिहास को जानना और समझना जरुरी है। उन्होंने कहा कि भारतीय सैन्य इतिहास वीरता, सम्मान और साहस के उदाहरणों से भरा पड़ा है। भारतीय सैन्य







जवानों ने अपनी बहादुरी और पराक्रम के बल–बूते कई युद्धों में दुश्मनों को हमेशा ही करारा जवाब दिया है। इन युद्धों में हमने अपने कई वीर जांबाजों को भी खोया है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने वीर योद्धाओं के पराक्रम और उनके बलिदान को जानना बहुत जरूरी है।

राज्यपाल ने वेल्हम बॉयज़ स्कूल की इस पहल के लिए सराहना की और अन्य स्कूलों में भी इस तरह के सेमिनार और कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे बच्चे हमारे सैन्य इतिहास के गौरवशाली पलों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सैन्य इतिहास की जानकारी रणनीतिक रूप से मजबूत करने में भी सहायक है। राज्यपाल ने छात्रों को पाकिस्तान और चीन जैसे पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों के साथ–साथ विभिन्न युद्धों सहित सैन्य सेवा के दौरान अपने अनुभवों को साझा किया।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कहा कि हमें अपना आत्म मूल्य (सेल्फ वर्थ) को जानना बहुत जरूरी है। भारत विकसित और विश्वगुरु भारत की ओर अग्रसर है। उन्होंने छात्रों से अमृतकाल के इस समय में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे प्रत्येक कार्य को हमेशा लगन और परिश्रम के साथ करें और हर कार्य में अतिरिक्त प्रयास लगाएं। उन्होंने बच्चों को अपने संचार कौशल को भी बेहतर करने का आह्वान किया।

स्कूल के चेयरमैन दर्शन सिंह ने अवगत कराया कि मिलिट्री हिस्ट्री सेमिनार का यह 7वां संस्करण है। उन्होंने बताया कि भारतीय सैन्य इतिहास के बारे में स्कूली बच्चों को जानकारी हो और वे अपने सशस्त्र बलों के गौरवशाली पलों की जानकारी से भिज्ञ हों इसी उद्देश्य से यह सेमिनार आयोजित किया जाता है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से स्कूलों को अपने पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में अपनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर पैनल चर्चा भी की गई जिसमें राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि), स्कूल के चेयरमैन दर्शन सिंह ने प्रतिभाग किया। इस पैनल में मॉडरेटर के रूप में सैन्य इतिहासकार शिव कुणाल वर्मा मौजूद रहे।

# शिक्षक संघ आठ को दून में करेगा शक्ति प्रदर्शन

नई टिहरी : लंबित मांगों के निराकरण के लिए राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं सरकार जागरण रैली का आयोजन 8 अक्टूबर को देहरादून में करेंगे। जिसमें शिक्षकों की न्यायाचित मांगों पर तत्काल कार्रवाई को शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी कमल नयन रतूड़ी ने बताया कि सरकार जागरण रैली की तैयारियों के मद्देनजर गुरुवार को आयोजित गूगल मीट में राजकीय शिक्षक उत्तराखंड के गढ़वाल मंडलीय मंत्री डा. हेमंत पैन्यूली ने सभी जिला, ब्लॉक इकाइयों से अपील की है कि वह सरकार जागरण रैली में अपने सभी सदस्यों के साथ प्रतिभाग करेंगे और अधिक से अधिक शिक्षकों को प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करेंगे। डा. पैन्यूली ने कहा कि सरकार शिक्षकों से वादा करने के बाद भी शिक्षकों की न्यायोचित मांगों के प्रति गंभीर नहीं है। जिसका अब सड़कों पर विरोध किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के प्रति रोष व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक हितों के प्रकरण फाइलों में ही दबा दिए जाते हैं। जबकि अधिकतर शिक्षकों की जो मांगें हैं, उससे सरकार पर कोई वित्तीय भार भी नहीं पड़ रहा है। गढ़वाल मंडल से सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं सरकार जागरण रैली में प्रतिभाग करेंगे। जिससे शिक्षकों की न्यायाचित मांगों के निराकरण को उत्तराखंड सरकार पर दबाव बनाया जा सके। यदि तब भी सरकार उचित कार्रवाई नहीं करती है तो आने वाले समय में और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। (एजेंसी)

### छात्रों को आधुनिक प्रौद्योगिकी ज्ञान होना जरूरी

देहरादून। उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र (यूसर्क) और डॉलफिन पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ बॉयोमेडिकल साइंस की ओर से साप्ताहित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भारतीय सर्वेक्षण विभाग के सभागार में हुआ। यूसर्क की निदेशक प्रो. अनीता रावत ने कहा कि यूसर्क पिछले दो सालों से छात्रों को विभिन्न विषयों में अत्याधुनिक अनुसंधान, शिक्षण एवं प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यूसर्क का प्रयास है कि प्रदेश केंद्रित शोध एवं विकास को राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय समन्वय के साथ स्थापित किया जाना है, जिसके छात्रों की क्षमता वृद्धि एवं आधुनिक प्रौद्योगिकी ज्ञान आवश्यक है, इसी उद्देश्य से इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। भारतीय पैट्रोलियम संस्थान के निदेश-ाक डॉ. हरेन्द्र सिंह बिष्ट ने यूसर्क की ओर से किए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की।

# विहिप बजरंग दल की शौर्य यात्रा के दून पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

देहरादून। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्रा के दून पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। प्रेमनगर में शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। वहीं टपकेश्वर महादेव में महंत भारत गिरी महाराज के सानिध्य में शिव आरती करने के उपरांत यात्रा रात्रि विश्राम के बाद सुभाष रोड स्थित लॉर्ड वेंकटेश्वर वेडिंग पॉइंट पहुंची, जहां पर शौर्य जागरण धर्म सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र संगठन मंत्री सोहन सिंह सोलंकी, आरएसएस के प्रांत सह प्रचार प्रमुख संजय कुमार, प्रांत अध्यक्ष रवि देव आनंद, प्रांत संयोजक अनुज वालिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। मुख्य बौद्धिक वक्ता संगठन मंत्री सोहन सिंह सोलंकी ने कहा कि हिंदू समाज की शौर्य की प्रखरता तेज हो, इसको लेकर ये यात्रा निकाली जा रही है। भगवा केवल रंग और कपड़ा नहीं बल्कि सूर्य का तेज व अग्नि की ज्वाला है। देश के 44 प्रांतों में शौर्य जागरण यात्रा निकाली गई है। भगवान राम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। 496 साल के लंबे संघर्ष के बाद सभी राम भक्तों की विजय हुई है। आज जरुरत है कि युवा अपनी धर्म अपनी संस्कृति को जाने। नशे से दूर रहकर बलशाली बनकर देश के लिए जिए। बजरंग दल के प्रांत संयोजक अनुज वालिया, विहिप के प्रांत अध्यक्ष रवि देव आनंद ने भी विचार रखे। सभा के बाद यात्रा ऋषिकेश के लिए रवाना हुई। जिसका नेतृत्व प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख विकास वर्मा ने किया। मौके पर महानगर अध्यक्ष नवीन गुप्ता, आलोक सिंह, श्याम शर्मा उपाध्यक्ष संजीव बालियान, मन्नू चौहान, नरेंद्र चौहान, राजेंद्र राजपूत, सिद्धांत बडोनी, राशिराम वर्मा, राजपाल नेगी, अशोक प्रजापति, कुलदीप रोहिला, राघव उपाध्याय, सोनू गुप्ता उपस्थित रहे।

# लोकसभा सांसद डॉ0 निशंक की अध्यक्षता में हुई जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

देहरादून। माननीय लोकसभा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ0 रमेश पोखरियाल निशंक की अध्यक्षता में गुरुवार को वन विभाग मुख्यालय के मंथन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई।

बैठक में माननीय सांसद ने विभागवार केंद्रीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए चालू एवं अधूरे निर्माण कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने एवं सड़क निर्माण में अधिग्रहण काश्तकारों की भूमि का मुआवजा राशि वितरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही गत बैठक में समिति द्वारा विभिन्न विभागों से सम्बन्धित प्राप्त हुई समस्याओं के निस्तारण को लेकर अपनी मांगे एवं शिकायते दर्ज कराई गई थी जिसके अनुपालन में सम्बन्धित विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण हेतु की गई कार्रवाई का ब्यौरा समिति को दिया गया।

माननीय सांसद ने श्यामपुर रेलवे फाटक के पास लगने वाले जाम से तात्कालिक रूप से निजात दिलाने के लिए तत्काल प्रभाव से सड़क मार्ग चौड़ीकरण करने एवं फ्लाईओवर की डीपीआर बनाने के निर्देश एनएचआई को दिए। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा जाम लगता



है तथा यात्रियों, ऋषिकेश एम्स जाने वाले मरीजों समेत आमजन तक को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने विधायक धर्मपुर की माँगानुसार आईएसबीटी के पास सड़क चौड़ीकरण एवं जल निकासी के लिए ड्रेनेज की व्यवस्था करने के साथ ही बिजली के खंभे को हटाने तथा मोथोरोवाला, माता मंदिर चौक का विस्तारीकरण के साथ ही कारगी चौक में जल निकासी के लिए ड्रेनेज व सीवर लाइन की प्रगति जानी। सांसद ने कहा कि राजधानी में जल निकासी की बड़ी समस्या है इस हेतु उन्होंने जिलाधिकारी को क्षेत्रीय विधायक की उपस्थिति में पीडब्ल्यूडी,एनएच,एमडीडीए,नगर निगम के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर कार्यों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। विधायक डोईवाला द्वारा मोहकमपुर फ्लाई ओवर के पास यात्री शेड व बालावाला सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त होने का मामला उठाया। वहीं मेयर नगर निगम ऋषिकेश द्वारा भी पेयजल लाईन बनने से सड़क क्षतिग्रस्त होने का मामला उठाया।

बैठक में एनएचआई द्वारा बताया गया कि एनएचआई के पास दो परियोजना है जिनका कार्य प्रगति पर है। जिसमें बल्लुपुर–पौंटा सड़क मार्ग का चार प्रतिशत एवं डाटकाली आशारोड़ी सड़क मार्ग का पचास फीसदी कार्य हो चुका है। इसी तरह एनएच के अंतर्गत 9 सड़क मार्ग सहित ड्रेनेज व सेतु का निर्माण कार्य गतिमान है जो जल्द पूर्ण होने वाले है।

## शरदकालीन प्रतियोगिता शुरू, गौतम व स्वाति दौड़े सबसे तेज

**कोटद्वार** : द्वारीखाल ब्लॉक की बेसिक स्कूल की ब्लॉक स्तरीय शरदकालीन एवं शीतकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता डाडामंडी स्थित खेल मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हो गई है। 600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में गौतम भंडारी और स्वाति प्रथम स्थान पर रहे।प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र राणा ने किया। उन्होंने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। गत वर्ष के चैंपियन जूनियर हाईस्कूल के छात्र शिवम ने मशाल के साथ मैदान का परिभ्रमण किया। इस मौके पर 600 मीटर दौड़ बालक वर्ग में ग्रीन पब्लिक स्कूल सतपुली के गौतम भंडारी ने प्रथम, खरीक के अंशु सिंह ने द्वितीय व हिलोगी के कर्ण कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 600 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में जूनियर हाईस्कूल बमोली की स्वाति ने प्रथम, जूनियर हाईस्कूल लंगूरी की तनीषा ने द्वितीय, सरस्वती विद्या मंदिर डाडामंडी की सलोनी ने तृतीय स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि ने विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर बीईओ डॉ. सुरेंद्र सिंह नेगी, दिनेश सिंह गुसाईं, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुनीता बिष्ट, राजमोहन नेगी, प्रधान संगठन अध्यक्ष अर्जुन सिंह नेगी, ग्राम प्रधान चंद्रमोहन चौधरी, रविंद्र सिंह, प्रभाकर डोबरियाल, मुन्नी देवी, उषा देवी, कमलेश्वरी देवी, कैलाश बिष्ट, सामाजिक कार्यकर्ता छत्रपाल सिंह, धर्मेंद्र बिष्ट, प्रधानाचार्य रोशन सिंह, एबीडीओ संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# देसी खीरे को टक्कर दे रही पहाड़ की ककड़ी, बढ़ी डिमांड

### कोटद्वार शहर में सौ रुपये किलो तक बिक रही पहाड़ी ककड़ी

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : लाजवाब स्वाद के लिए प्रसिद्ध पहाड़ी ककड़ी इन दिनों देसी खीरे को टक्कर दे रही है। कोटद्वार शहर में पहाड़ी ककड़ी हाथो-हाथ सौ रुपये किलो तक बिक रही है। ग्रामीणों के लिए भी पहाड़ी ककड़ी एक बेहतर रोजगार का साधन बनी है।



कोटद्वार बाजार में बिकने के लिए रखी पहाड़ी ककड़ी

इस वर्ष पर्वतीय क्षेत्रों में पहाड़ी ककड़ी का काफी उत्पादन हुआ है। यही कारण है कि कोटद्वार बाजार में हर रोज सैकड़ों टन पहाड़ी ककड़ी बिकने के लिए पहुंच रही है। बाजार में दुकान के बाहर ककड़ी लगते ही हाथों-हाथ बिक रही है। पहाड़ी उत्पादकों के विक्रेता सुल्तान व राजू चौहान ने बताया कि गढ़वाल घूमने पहुंचे प्रवासी पहाड़ी ककड़ी की सबसे अधिक डिमांड कर रहे हैं। कई लोग एक दिन पहले ही ताजा पहाड़ी ककड़ी का आर्डर दे रहे हैं। बाजार में चालीस रुपये किलो बिकने वाले देसी खीरे को सौ रुपये में बिक रही पहाड़ी ककड़ी पूरी टक्कर दे रही है। मैदान में रामणी-पुलिंडा, यमकेश्वर, रिखणीखाल सहित अन्य क्षेत्रों से पहाड़ी ककड़ी बिकने के लिए पहुंच रही है।

### बढ़ाती है प्रतिरोधक क्षमता

विटामिन ए, बी व सी से भरपूर पहाड़ी ककड़ी व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काफी मदद करती है। यही कारण है कि वर्तमान में डेंगू सहित अन्य वायरल से लड़ने में पहाड़ी ककड़ी एक बेहतर साधन बन रही है। दरअसल पहाड़ी ककड़ी का उत्पादन बिना किसी रासायनिक खाद या अन्य कीटनाशक की सहायता से किया जाता है।

# महाविद्यालय व देव संस्कृति विश्व विद्यालय साथ मिलकर करेंगे काम



देवसंस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की आईक्यूएसी के प्रयासों से देव संस्कृति विश्वविद्यालय गायत्रीकुंज शांतिकुंज हरिद्वार और महाविद्यालय के बीच शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के क्षेत्र में वैज्ञानिक, तकनीकी और शैक्षिक सहयोग को बढ़ावा देने तथा जैव विविधता संरक्षण, कौशल विकास, स्वरोजगार और मानव कल्याण के अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ आपसी हितों के क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान और विकास परियोजनाओं के क्रियान्वन हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

देव संस्कृति विवि शांतिकुंज हरिद्वार में संपन्न इस समझौता ज्ञापन में प्रति कुलपति देव संस्कृति विवि गायत्रीकुंज शांतिकुंज डा. चिन्मय पंडय एवं महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. जानकी पंवार द्वारा हस्ताक्षर किए गए। प्राचार्य जानकी पंवार ने बताया कि समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दोनों संस्थानों में कार्यरत संकायों के प्राध्यापकों, कर्मचारियों को पारस्परिक प्रशिक्षण, शैक्षणिक और प्रशासनिक विशेषज्ञता और हितों के पारस्परिक क्षेत्रों में लगे संकाय, छात्रों और तकनीकी कर्मचारियों सहित कर्मियों का आदान-प्रदान, विभिन्न शैक्षणिक स्तर पर सेमिनार, परिसंवाद, प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम और पाठ्यक्रमों का आयोजन, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फंडिंग एजेंसियों और फाउंडेशनों से धन प्राप्त करने के लिए संयुक्त अनुदान प्रस्तावों का विकास तथा स्वरोजगार एवं कौशल विकास आदि को बढ़ावा देना है। आईक्यूएसी कॉर्डिनटर डॉ. प्रवीन जोशी ने बताया कि आपसी हितों के क्षेत्रों में सभी सहयोगात्मक अनुसंधान और शिक्षण गतिविधियां दोनों संस्थानों की नीतियों, कानून, मिशन और कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार संचालित की जाएंगी। बताया कि दोनों संस्थानों द्वारा हस्ताक्षर किए जाने के बाद प्रभावी यह एमओयू तीन साल की प्रारंभिक अवधि के लिए वैध रहेगा, जिसे आपसी समझौते के अधीन नवीनीकृत किया जा सकता है।

# हंगामेदार रही बोर्ड बैठक, समस्याओं पर भड़के पार्षद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम की बोर्ड बैठक काफी हंगामेदार रही। पूर्व में हुई बोर्ड बैठकों में उठाए गए मुद्दों का निराकरण नहीं होने सहित अन्य समस्याओं को लेकर पार्षदों ने रोष व्यक्त किया। वहीं, सफाई कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ न होने पर भी पार्षद भड़क उठे। कहा कि नगर निगम केवल बोर्ड बैठकों में खानापूर्ति कर रहा है।

गुरुवार को महापौर हेमलता नेगी की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में सबसे पहले सफाई व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई। पार्षदों ने वार्डों में हो रही सफाई को लेकर संतुष्टि जताई। लेकिन, निगम में सफाई कर्मियों की नियुक्ति नहीं होने पर रोष व्यक्त किया। कहा कि नगर निगम पिछले पांच वर्षों से पर्याप्त सफाई कर्मियों की नियुक्ति भी नहीं कर पाया है। क्षेत्र के हिसाब से नगर निगम में सफाई कर्मियों की भारी कमी है। पार्षद जगदीश मेहरा, रोहणी देवी, मनीष भट्ट, गीता नेगी, कमल नेगी ने खराब लाइटें खरीदे जाने का मुद्दा उठाया। कहा कि अधिकांश वार्डों में स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी हुई है। हालत यह है कि लाइट ठीक करते ही वह दोबारा खराब हो जाती हैं। भाजपा पार्षदों ने लाइटें खरीद में भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लाइट खरीद में बहुत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। भ्रष्टाचार व सामान खरीद में हुई कमीशनबाजी की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। पार्षदों ने पूर्व में उठाए गए मुद्दों का निराकरण नहीं होने पर भी रोष व्यक्त किया। कहा कि नगर निगम को बोर्ड बैठक में उठाए जाने वाले मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करना चाहिए। जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर लाभ मिल सकें।



कोटद्वार में नगर निगम बोर्ड बैठक में विचार रखते पार्षद

### बैठने की व्यवस्था नहीं होने पर भड़के

नगर निगम की बोर्ड बैठक में पार्षदों के बैठने के लिए बेहतर व्यवस्था नहीं होने पर पार्षद भड़क उठे। पार्षद गीता नेगी, विजेता, बीना देवी, मीनाक्षी, कवित्ता मित्तल, आशा चौहान, जगदीश मेहरा, सुखपाल शाह सहित अधिकांश पार्षदों ने सभागार में पार्षदों के लिए बैठने के लिए समुचित व्यवस्था न किए जाने पर नाराजगी जताई।

कहा कि जब सभागार में निगम प्रशासन पार्षदों के बैठने की व्यवस्था तक नहीं कर पा रहा है तो पार्षद कैसे अपनी समस्याओं को उठाएंगे। जब निगम ने बैठने के लिए पर्याप्त कुर्सी लगाई तब पार्षदों का गुस्सा शांत हुआ।

## आर्यन छात्र संगठन ने घोषित किए प्रत्याशी

**पौड़ी** : बीजीआर परिसर में 14 अक्तूबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव को लेकर आर्यन छात्र संगठन ने भी सचिव व उपाध्यक्ष पद पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए है। वहीं, दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी चुनाव में अपनी दावेदारी की है। गुरुवार को पत्रकार वार्ता करते हुए आर्यन छात्र संगठन के पदाधिकारियों ने सचिव पद पर ऋतिक रावत व उपाध्यक्ष पद पर रोहित कुमार को प्रत्याशी घोषित किया। इस दौरान डीएवी पीजी कालेज के पूर्व छात्रसंघ महासचिव आकाश गौड़ ने कहा कि इस बार आर्यन छात्र संगठन ने सचिव व उपाध्यक्ष पद पर अपने प्रत्याशी उतारे है। कहा कि आर्यन छात्रसंगठन हमेशा से ही छात्र हितों के लिए कार्य करता रहा है। इस बार चुनाव में उनके प्रत्याशी भारी बहुमत से विजयी होगें। इस मौके पर आर्यन के चुनाव प्रभारी कुस रावत, अतुल गुसाईं, दीपक बिष्ट, विवेक रावत, विनय कुकशाल, कुनाल नेगी आदि शामिल थे। वहीं, छात्रसंघ चुनाव में ऋतिक असवाल ने अध्यक्ष पद व विनय रावत ने यूआर पद पर अपनी दावेदारी ठोकी है।

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली अमृत कलश यात्रा



कलश यात्रा निकालते महाविद्यालय के विद्यार्थी

**कोटद्वार** : राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल की ओर से क्षेत्र में अमृत कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने देश हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

'मेरी माटी मेरा देश अभियान' के तहत राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल की ओर से अमृत कलश यात्रा निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थी कलश में अपने-अपने क्षेत्र की मिट्टी लेकर चल रहे थे। इससे पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मनोज उप्रेती ने विद्यार्थियों को कलश यात्रा के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हम सभी को देश हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की भी सीख दी। कहा कि एक बेहतर सोच ही बेहतर भारत का निर्माण कर सकती है। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा. भारती, डा. विपिन पंवार, डा. महेश चंद्र आर्य, प्रशांत, लक्ष्मी जोशी, डा. मनोज किशोर नौटियाल, डा. विपिन कुमार तिवारी, डा. सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

# पीएम विश्वकर्मा योजना से होगा पुरूष और महिलाओं की आर्थिकी में सुधार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : पीएम विश्वकर्मा योजना से लोहार, बढई, मिस्त्री, शिल्पकार, क्राफ्टमैन आदि का काम करने वाले पुरुष और महिलाओं की आर्थिकी में सुधार होगा। योजना के तहत इन लोगों का पंजीकरण किया जाएगा और बैंक से स्वरोजगार के लिए लोन भी दिया जाएगा। डीएम ने कहा कि योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। कहा कि विभिन्न स्वरोजगार परक मेलों में भी योजना के लाभार्थियों को शामिल करें।

योजना के सफल संचालन को लेकर डीएम ने अफसरो की बैठक ली। बैठक में डीएम डा. आशीष चौहान ने कहा कि विभिन्न छोटे-मोटे व्यवसाय में लगे हुए लोगों का पंजीकरण करवाएं और उन्हें प्रशिक्षण व टूल किट प्रदान करे। कहा कि इन लोगों को स्वरोजगार के लिए बैंक से लोन भी दिलवाया जाए। कहा कि ब्लाक स्तर पर योजनाओं का लाभ लेने वाले लोगों की प्रगति देखी जाएगी। उन्होंने जल्द ही लोहार, बढई, मिस्त्री, शिल्पकार, क्राफ्टमैन आदि का काम करने वाले पुरुष और महिलाओं का सर्वे पूरा करने के निर्देश दिए। कहा कि सहायक विकास अधिकारी पंचायत को नोडल अधिकारी बनाते हुए ब्लाक की परिधि में आने वाले सभी पुरुष और महिला कामगारों का विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने के लिए पंजीकरण किया जाए और लीड बैंक अधिकारी के माध्यम से योजना के तहत दोदो लाख रुपए की धनराशि का लोन दिया जाए। कहा कि पुरुष कामगारों के साथ-साथ महिला कामगारों को भी योजना का लाभ दिलाने के लिए उनका भी पंजीकरण किया जाए। बैठक में डीडीओ मनविंदर कौर आदि शामिल रहे।

## गुरिल्लाओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

**श्रीनगर गढ़वाल** : कीर्तिनगर एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के कार्यकर्ता अनिल भट्ट ने पौड़ी और टिहरी जनपद में सड़कों के रख-रखाव हेतु रखे जाने वाले मेट बेलदारों की नियुक्ति में गुरिल्लाओं की उपेक्षा करने पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानंद डालाकोटी ने जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल तथा पौड़ी गढ़वाल को पत्र लिखा है। कहा कि दोनों जिलों में लोक निर्माण विभाग के विभिन्न खंडों द्वारा आउटसोर्स के माध्यम से सड़कों के रख रखाव हेतु रखे जाने वाले मेट बेलदारों की नियुक्ति पर रोष व्यक्त करते हुए शासनादेश के अनुरूप सभी अधिशासी अभियंताओं को अपने खंडों में गुरिल्लाओं की नियुक्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा यदि एक सप्ताह के भीतर इस संबंध में शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो संगठन द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग खंड श्रीनगर कार्यालय प्रांगण में धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# डीआरएम ने किया निरीक्षण, इसी माह से ट्रेन संचालन की कही बात

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : मुरादाबाद रेल मंडल के प्रबंधक राजकुमार सिंह ने कोटद्वार रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए इसी माह से कोटद्वार-दिल्ली के मध्य आनंद बिहार टर्मिनल से स्वीकृत नई एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन की बात कही। कहा कि इससे गढ़वाल क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा।

गुरुवार को कोटद्वार के भ्रमण पर पहुंचे राजकुमार सिंह करीब एक बजे विशेष ट्रेन से कोटद्वार पहुंचे।

यहां उन्होंने रेलवे स्टेशन, ट्रैक व स्टेशन के भवनों का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन मास्टर व अधीक्षक से परिचालन व सिग्नल व्यवस्थाओं से संबंधित कई सवाल पूछे। भ्रमण के बाद पत्रकारों से वार्ता में डीआरएम ने कहा कि रेल मंत्रालय की ओर से उन्हें नई ट्रेन संचालन की जानकारी मिल गई है।

इसी माह के अंतिम सप्ताह तक इसका संचालन शुरू करा दिया जाएगा। कहा, कोटद्वार रेलवे स्टेशन में पुराने भवनों के स्थान पर नए भवनों का निर्माण प्रस्तावित हैं। उनके साथ आए एडीआरएम एनएन सिंह ने बताया कि योजना के तहत पहले चरण में प्लेटफार्म का विस्तार, बिल्डिंग और फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का निर्माण कराया जाएगा। रेलवे की जमीनों पर अतिक्रमण होने की बात पर उन्होंने कहा कि अतिक्रमण चिह्नित कर लिया जाएगा और कभी भी इन्हें ध्वस्त कर दिया जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग सुधीर सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



कोटद्वार रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते अधिकारी

### यह होगा ट्रेन का समय

रेलवे के अनुसार यह ट्रेन कोटद्वार से रोजाना रात 10 बजे नजीबाबाद, मौजमपुर नारायण, लक्सर, टपरी, देवबंद, मुजफ्फरनगर, मेरठ होते हुए सुबह 04:35 बजे आनंद विहार टर्मिनल दिल्ली पहुंचेगी। आनंद विहार टर्मिनल से रात 09:45 बजे एक्सप्रेस ट्रेन चलकर प्रातः 03:50 बजे कोटद्वार पहुंचेगी।

## सक्षम का अधिवेशन नौ अक्टूबर को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : दिव्यांगों के हितों को लेकर कार्य करने वाली संस्था सक्षम का अधिवेशन नौ अक्टूबर को देहरादून में आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए प्रांत सचिव कपिल रतूड़ी ने कहा कि अधिवेशन में दिव्यांगों को मिलने वाली पेंशन में बढ़ोत्तरी व प्राइवेट नौकरियों में प्राथमिकता देने के साथ ही विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कोटद्वार व भाबर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए दिव्यांगों से अधिक से अधिक संख्या में अधिवेशन में भाग लेने की अपील की।

# निदेशक एवं उप निदेशक ने किया थलीसैंण कॉलेज का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**थलीसैंण** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, थलीसैंण का निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. सीडी सूँठा एवं उप निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. आरएस भाकुनी ने निरीक्षण किया। उन्होंने महाविद्यालय भवन, प्रशासनिक कार्यालय समेत विभिन्न विभागों के अभिलेख एवं गतिविधियों का अवलोकन किया। इस मौके पर महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपकर उसके संरक्षण का संकल्प लिया।

इस दौरान महाविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने पौधा भेंटकर एवं शॉल ओढ़ाकर निदेशक उच्च शिक्षा एवं उप निदेशक उच्च शिक्षा का स्वागत किया। प्राचार्य ने महाविद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया। कार्यक्रम में निदेशक एवं उप निदेशक ने महाविद्यालय की "नमामि गंगे पत्रिका" का विमोचन किया। उप निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. आरएस भाकुनी ने प्राध्यापकों से आह्वान किया कि वह पूर्ण मनोयोग तथा कार्यक्षमता से इस महाविद्यालय के विकास में अपना योगदान दे। निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. सीडी सूँठा ने प्रदेश स्तर पर संचालित उच्च शिक्षा से जुड़ी योजनाओं के विषय में छात्र–छात्राओं को जानकारी दी। उन्होंने महाविद्यालय द्वारा नैक कार्य हेतु आवश्यक निर्देश दिये।



निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. सीडी सूँठा एवं उप निदेशक डॉ. आरएस भाकुनी थलीसैंण कॉलेज का निरीक्षण करते हुए।

## आंदोलनकारियों के चिह्नीकरण की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नागरिक मंच ने जिला प्रशासन से राज्य आंदोलनकारियों की चिह्नीकरण प्रक्रिया आरंभ करने की मांग की है। इस संबंध में मंच के महासचिव अतुल भट्ट की ओर से जिलाधिकारी को प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य गठन में आंदोलनकारियों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। वहीं आंदोलनकारियों के चिह्नीकरण प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए कुछ वर्ष पूर्व राज्य सरकार ने आदेश जारी किए थे, अन्य जिलों में यह प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, लेकिन पौड़ी जिले में अभी तक प्रक्रिया आरंभ नहीं हो पाई है। ज्ञापन में उन्होंने जिलाधिकारी से इस संबंध में समुचित कार्रवाई करने की अपील की है।

# पीएम मोदी के जागेश्वर दौरे से क्षेत्र का होगा चहुँमुखी विकासः कैबिनेट मंत्री जोशी



अल्मोड़ा। भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिला कार्यालय पाताल देवी में आहुत की गई। बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा द्वारा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष बहुगुणा ने कहा कि 12 अक्टूबर को पिथौरागढ़ व अल्मोड़ा पहुँच रहे देश व दुनिया के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन सुनने के लिए अल्मोड़ा से पिथौरागढ़ हजारों कार्यकर्ता जाएंगे।

उन्होंने कहा कि पार्टी को कैसे मजबूत किया जाय उसकी सभी को चिन्ता करने की आवश्यकता है। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा मोदी जी का भगवान जागनाथ (जागेश्वर) के दर्शन का कार्यक्रम है यह हम सब के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि उनके पदार्पण से क्षेत्र का चहुँमुखी विकास होगा। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिये सभी कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं। अल्मोड़ा से भी हजारों कार्यकर्ता मोदी जी को सुनने के लिए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री व विश्व के लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी का पिथौरागढ़ में तथा अल्मोड़ा के जागेश्वर में भगवान जागनाथ जी के मंदिर में आगमन ऐतिहासिक तथा भव्य व दिव्य होगा।

## निगम को नोटिस, 5 दिन में सड़क किनारे से कूड़ा हटाने का आदेश

हल्द्वानी। ट्रंचिंग ग्राउंड से लगे हाईवे पर कूड़ा डाले जाने की शिकायत को जिलाधिकारी वंदना ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने नगर निगम को 5 दिन में सड़क से कूड़ा हटाने के आदेश दिए हैं। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को नगर निगम के खिलाफ धारा 133 के तहत नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। तय समय में निगम कूड़ा नहीं हटाता है तो उसके खिलाफ कोर्ट में मामला चलाया जाएगा। डीएम के आदेश पर सिटी मजिस्ट्रेट ने एसडीएम परितोष वर्मा के माध्यम से नगर निगम को नोटिस जारी कर दिया है। हल्द्वानी स्थित कैंप कार्यालय में जन सुनवाई के दौरान पहुंचे वनभूलपुरा के लोगों ने डीएम से ट्रंचिंग ग्राउंड से लगे हाईवे पर कूड़ा फेंके जाने की शिकायत की।

# बीस स्कूलों के बीच एसकेएम बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू




हल्द्वानी। एसकेएम स्कूल की पांचवी एसकेएम कप इंटर स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू हो गयी है प्रतियोगिता में हल्द्वानी शहर के 20 स्कूलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं प्रतियोगिता सात अक्तूबर तक खेली जाएगी पहले दिन गुरुवार को प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रबंधक यूसी जोशी, प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा, प्रशासक ऋषभ जोशी आदि ने संयुक्त रूप से किया।

# लूट की योजना बनाते तीन युवकों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार



काशीपुर। किसी बैंक या बड़े व्यापारी को लूटने की योजना बनाते तीन युवकों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक तमंचा व दो चाकू भी बरामद किया है। कोतवाली पुलिस ने तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली में सीओ वंदना वर्मा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बुधवार की देर शाम बांसफोड़ान चौकी प्रभारी सुनील सूतेडी पुलिस टीम के साथ गस्त कर रहे थे। तभी मुखबिर ने उनको सूचना दी, बच्चा कब्रिस्तान के पास तीन लोग लूट की योजना बना रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। जहां उन्होंने तीन युवकों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान एक युवक के पास से तमंचा व दो युवकों के पास से चाकू बरामद हुए। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम राकेश कुमार उर्फ विधायक पुत्र विजय कुमार निवासी आर्य नगर, दूसरे ने अपना नाम बंटी सैनी उर्फ लंगड़ा पुत्र विजयपाल सैनी निवासी बड़े गुरुद्वारे के पास, तीसरे ने अपना नाम मोहम्मद रब्बानी पुत्र फरियाद अली निवासी ग्राम कुंडा बताया।

## नैनीताल में 8 अक्टूबर को कैंसर के खिलाफ महारैली

नैनीताल। आशा फाउंडेशन की ओर से नैनीताल शहर में आगामी 8 अक्तूबर को कैंसर के खिलाफ महारैली निकाली जाएगी। जिसमें पिंक टी–शर्ट के साथ लोगों को कैंसर जैसी भयानक महामारी को लेकर जागरूक किया जाएगा।

संस्था ने गुरुवार को मल्लीताल स्थित रामा मांटेसरी हॉल में पत्रकार वार्ता की। फाउंडेशन की संस्थापिका आशा शर्मा ने बताया कि 8 अक्तूबर को विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जागरूकता को लेकर शहर में पिंक ड्रेस कोड में स्कूली बच्चों एवं स्थानीय लोगों की ओर से रविवार को सुबह आठ बजे से रैली निकाली जाएगी। डीएसए मैदान में कैंसर जागरूक सभा होगी।

# कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं रेखा आर्य ने अधिकारियों के साथ की बैठक



अल्मोड़ा। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी एवं रेखा आर्य ने कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जागेश्वर भ्रमण के संभावित दौरे को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बृहस्पतिवार को जनपद मुख्यालय पहुंचे कैबिनेट मंत्रियों ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि सभी अधिकारी सौंपे गए दायित्वों को ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हेलीपैड, मार्ग समेत सभी व्यवस्थाओं को नियमानुसार पुख्ता बनाए रखना सुनिश्चित करें। प्रेस को दिए गए बयान में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पिथौरागढ़ में आयोजित होने वाली जनसभा के लिए उन्हें प्रभारी मंत्री बनाया गया है। इसलिए वह जिलों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत ही नहीं बल्कि विश्व के नेता हैं। उन्होंने कहा कि यह उत्तराखंड के लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां पर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जहां भी जाते हैं, उस क्षेत्र का पर्यटन की दृष्टि से तेजी से विकास होता है ।

# ग्रामीणों की समस्याओं पर जल्द कार्रवाई करेंः कैड़ा



हल्द्वानी। विधायक राम सिंह कैड़ा ने गुरुवार को रामगढ़ ब्लॉक का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। संबंधित विभागीय अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करने को कहा। विधायक ने बताया रामगढ़ ब्लॉक के सुपी, काफली, गोमती गैर, लेन पोखरा, भटेलीया, भिड़ाखेत आदि गांव का दौरा किया गया। ग्राम प्रधानों ने क्षेत्र में बिजली, पानी और क्षतिग्रस्त सड़कों की समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर संबंधित विभागीय अधिकारियों से फोन पर बात की गई। उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अधिक से अधिक उन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। ग्रामीणों की मांग पर विधायक निधि से भटेलिया लेन पोखरा मार्ग का जल्द निर्माण करने का आश्वासन दिया। यहां मंडल अध्यक्ष अंकित पांडे, जिला पंचायत सदस्य कमलेश बिष्ट, विवेक डंगवाल, प्रधान किशन सिंह मेहता, राकेश मेहता, गणेश, गोविंद मेवाड़ी आदि मौजूद रहे।

## आप ने सांसद की गिरफ्तारी पर सरकार का पुतला फूंका

नैनीताल)। आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के सांसद संजय सिंह को ईडी की ओर से गिरफ्तार किए जाने का विरोध किया।

कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाए की देश के तमाम संस्थान सत्ताधारी पार्टी के इशारों पर कार्य कर रहे हैं। जो व्यक्ति सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहा हैं, तो उसे बल प्रयोग कर चुप करने का प्रयास किया जा रहा है। मल्लीताल स्थित पंत पार्क में गुरुवार को प्रदेश संगठन सचिव हेम आर्य के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्रित हुए।




# नगर में निकाली गई जागरूकता रैली

बागेश्वर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में यहां जागरूकता रैली निकाली गई। गुरुवार को प्राधिकण के सचिव जयेंद्र सिंह ने तहसील परिसर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ह्यह्यबच्चों के अधिकार एवं उनका संरक्षण अभियान विषय पर जागरुकता रैली एसबीआई तिराहे तक निकाली गई।

# कपकोट महाविद्यालय में पहुंचे स्थायी प्राचार्य



बागेश्वर। डिग्री कॉलेज कपकोट में स्थायी प्राचार्य ने दलीप सिंह नेगी अपना कार्यभार संभाल लिया है।

यहां लंबे समय से प्राचार्य का पद रिक्त चल रहा था। यहां एनएसयूआई व छात्रसंघ पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। छात्रों ने कहा कि एनएसयूआई ने स्थायी प्राचार्य के लिए लगातार संघर्ष किया। इसीका नतीजा है कि कॉलेज को प्राचार्य मिले। स्वागत करने वालों में छात्रसंघ अध्यक्ष रजनी कुंवर, कोषाध्यक्ष भारत कोरंगा, पवन बिष्ट, कमल पपोला, योगेश बोरा, भगवत कुमार आदि शामिल थे।

## व्यापारियों ने उठाई झूला पुल के मरम्मत की मांग

बागेश्वर। सरयू नदी पर बने झूला पुल लंबे समय से बंद रहने पर व्यापारियों ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने पुल की मरम्मत के बाद खोलने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। नगर अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में व्यापारी गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन ने उत्तरायणी मेले के वक्त पुल को खतरा बताते हुए इसे आवाजाही के लिए बंद कर दिया।

तब भी व्यापारी इसकी मरम्मत के लिए जिला प्रशासन से मिले। उन्हें आशसन दिया था कि जल्द पुल की मरम्मत हो जाएगी, लेकिन नहीं हुई।

# नैनीताल में युवाओं ने कोतवाली घेरी, पुलिस पर अभद्रता का आरोप लगाया



नैनीताल, नैनीताल में युवाओं ने पुलिस पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। गश्त के दौरान ठंडी सड़क क्षेत्र में युवा एवं बच्चों को देर शाम पुलिस ने संबंधित क्षेत्र से हटाया था। आरोप है, कि इस बीच पुलिस ने बच्चों के साथ मारपीट भी की। इसके विरोध में गुरूवार को युवाओं ने कोतवाली का घेराव कर दबंगई पर नियंत्रण किए जाने की मांग की। जानकारी के अनुसार पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी, कि शहर की ठंडी सड़क पर देर शाम झील किनारे कई युवक नशा कर रहे हैं।

इस दौरान यहां राह चलती महिलाओं एवं युवतियों के साथ बत्तमीजी भी की जा रही है। जिसपर एसएसपी के निर्देशों पर कोतवाल धर्मवीर सोलंकी ने टीम गठित कर नशे के खिलाफ अभियान में गश्त की। इस दौरान बुधवार देर शाम उन्हें ठंडी सड़क क्षेत्र में कई युवा और बच्चे अनावश्यक झुंड बनाकर खड़े दिखाई दिए। इस दौरान यहां से गुजर रही एक युवती ने भी पुलिस से शिकायत की, कि मार्ग में अक्सर लड़के वॉक के दौरान छेड़ाखानी करते हैं। पुलिस ने संबंधित क्षेत्र में लड़कों को भगाया। गुरूवार को भाजपा मंडल उपाध्यक्ष भूपेंद्र बिष्ट एवं अधिवक्ता नितिन कार्की के नेतृत्व में कुछ युवा और बच्चे कोतवाली पहुंच गए।

# राज्यमंत्री बिष्ट ने बिमौला में प्रवास कर सुनीं जनसमस्याएं



बागेश्वर। भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड संगठन के अभियान बस्ती प्रवास के तहत राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने अनुसूचित जाति बाहुल्य गांव बिमौला में प्रवास किया और जनसमस्याएं सुनी। इस मौके पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। राज्यमंत्री बनने के बाद पहली बार शिव सिंह बिष्ट बिमौला गांव पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार गरीबों व अनुसूचित जाति के लोगों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। लोगों को इन योजनाओं का भरपूर फायदा उठाना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर मौके से ही सक्षम अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने घर–घर जाकर भी लोगों से संपर्क किया और कहा कि सरकार लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने देगी। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष नरेश कुमार, ग्राम प्रधान गोविंद प्रसाद, पूर्व प्रधान हरीश राम, विजय प्रसाद, दीपक कुमार, आरती देवी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## हेल्थ फॉर ऑल का विमोचन

बागेश्वर। सुमित्रा नंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ की गृह विज्ञान प्रभारी डॉ. लता आर्या की पुस्तक हेल्थ फार आल का विमोचन हुआ। प्राचार्य डा. प्रेमलता कुमारी ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन वर्ष 2023 में सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल की 75 वीं वर्षगांठ मना रहा है। प्राध्यापक की लिखी पुस्तक लोगों के लिए लाभप्रद होगी। पुस्तक में समुदाय में रह रहे लोगों को किस तरह की मुसीबतों से गुजरना पड़ता है।

उसके क्या निदान हैं। दैनिक दिनचर्या में स्वास्थ्य व कुप्रथाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है।

# एसडीएम ने सुनी राइस मिलर्स एवं किसानों की समस्यायें

काशीपुर। धान खरीद को लेकर राइस मिलर्स एवं किसानों की बैठक में एसडीएम ने समस्यायें सुनीं। अफसरों को इनते निस्तारण के निर्देश दिए। किसानों ने तौल के दौरान होने वाली गड़बड़ी के बारे में बताया। साथ ही कांटों पर स्थानीय किसानों का धान पहले तौलने की मांग की। गुरुवार को ब्लॉक सभागार में एसडीएम गौरव चटवाल ने बैठक बुलाई। इसमें भाकियू के सदस्यों ने तौल कांटे बढ़ाने की मांग की। शीतल बड़वाल ने कहा कि सेंटर पर किसान बारीक धान डालता है तो उसे मोटे धान की पर्ची दी जाती है। उसे बारीक धान की पर्ची दी जाए। धान गीला होने पर सेंटर से किसान को वापस न किया जाए। उसके धान को सुखाने की व्यवस्था की जाए। जगजीत भुल्लर ने कहा कि धान में मानक के बाद जितनी नमी होती है, उसे उतना ही काटा जाए। कहा कि सरकारी तौल कांटों पर सेंटर कर्मी हठधर्मिता करते हैं। तौल पूरी न होने की दशा में उन पर कार्रवाई की जाए। कांटों पर सबसे पहले स्थानीय लोगों का धान तौला जाए। यूपी से लाया गए धान को जब्त कर लिया जाए। युवा ब्लॉक अध्यक्ष अमनप्रीत सिंह ने कच्ची आढ़त की तौल शीघ्र शुरू कराने, किसानों को उनके धान का मूल्य का भुगतान 48 घंटे में उनके खातों में डालने, क्रय केंद्रों पर किसानों के पीने के पानी, विश्राम की व्यवस्था कराने की मांग की। राइस मिलों का रुका भुगतान दिलाने की मांग की। एसडीएम ने अफसरों को व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए। कहा कि जल्द ही कच्चे आढ़ती किसानों का धान तौलेंगे। उनकी प्रदेश स्तरीय वार्ता चल रही है। उन्होंने किसानों से सेंटरों का मुआयना करने को कहा।

खामी मिलने पर एसएमओ को बताने को कहा। विधायक आदेश चौहान ने किसान एवं मिलर्स से आपसी तालमेल से काम करने को कहा।

# छात्रसंघ चुनाव में हुडदंग करने वाले पर रहेगी विशेष नजर



एसएसपी श्वेता चौबे बैठक में छात्र संघ चुनाव को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के श्रीनगर व बीजीआर कैंपस पौड़ी होने वाले छात्र संघ चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने बैठक में थानाध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस बार छात्रसंघ चुनाव में क्यूआरटी की टीमें भी तैनात की जाएंगी। एसएसपी ने कहा कि चुनाव के दौरान हुडदंग करने व शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में एसएसपी श्वेता चौबे ने छात्रसंघ चुनाव को लेकर संबंधित थाना प्रभारियों को चुनाव के दौरान हुडदंग करने व शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि चुनाव के दौरान हुडदंग करने वाले छात्रों पर विशेष नजर रखी जाए। एसएसपी ने कहा कि शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

इस दौरान कालेज परिसर में गश्त करे व पीएससी भी तैनात रखे। कहा कि संबंधित क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी कॉलेज के चुनाव कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों, सभी पदों के प्रत्याशियों से गोष्ठी कर लिंगदोह समिति के नियमों से भली भांति अवगत करा दे। इस मौके पर निरीक्षक अभिसूचना पौड़ी सूर्यप्रकाश, प्रभारी निरीक्षक पौड़ी गोविंद सिंह, वाचक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी प्रताप सिंह, प्रतिसार निरीक्षक पौड़ी अनुराग कुमार आदि मौजूद थे।

## महिला से छेड़छाड़ के आरोप में चार युवकों पर केस दर्ज

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : तहसील क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला ने गांव के ही चार युवकों पर उसके साथ छेड़छाड़ करने, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने और जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। राजस्व पुलिस ने महिला की शिकायत पर युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नायब तहसीलदार हरेंद्र सिंह खत्री ने बताया कि राजस्व क्षेत्र की एक महिला ने राजस्व पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कहा कि देर शाम वह अपने घर में खाना बना रही थी। इसी बीच गांव के चार युवक उनके घर में घुस गए। युवकों ने पहले उसके साथ मारपीट की और फिर छेड़छाड़ करने लगे। साथ ही महिला को जातिसूचक शब्द कहकर गाली-गलौज भी की। बताया कि आरोपी सज्जन सिंह, धर्मेंद्र, राजवीर सिंह और गबर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। साथ ही मामले को रेगुलर पुलिस में हस्तांतरित करने की भी कार्रवाई की जा रही है।

# पौड़ी के पांच खिलाड़ी नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयनित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में परचम लहराने के बाद चैंपियन टॉफी को जिले के आला अफसरों को सौंप दिया गया। वहीं पौड़ी के पांच खिलाड़ियों का चयन नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है।

पौड़ी जिले की टीम ने हल्द्वानी (नैनीताल) में 27 से 29 सितंबर तक आयोजित हुई विद्यालयी राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया था। पौड़ी ने फाइनल मुकाबले में ऊधम सिंह नगर को 3-1 से हराने में सफलता हासिल की थी।

पौड़ी के पांच खिलाड़ी सूरज मंडल, अर्चित धनाई, अरुण, ध्रुव देवली और रंदीप रॉय का चयन राष्ट्रीय स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

यही नहीं व्यक्तिगत स्पर्धा में खिलाड़ी सूरज मंडल ने रजत, जबकि अर्चित और धनेय ने कांस्य पदक हासिल किया। राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में चैंपियन बनने पर गढ़वाल मंडल के एडी बेसिक वीएस रावत, मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चन्द्र गौड़ सहित आला अफसरों ने टीम के साथ ही खेल समन्वयक योगम्बर सिंह नेगी, टीम मैनेजर डॉ. हीरा सिंह बिष्ट, टीम कोच अजय चौहान और ईश्वर रावत को बधाई दी है। उम्मीद जताई कि जिले के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर भी अपना पूरा जौहर दिखाएंगे।

# सिरोबगड़ में लग रहा जाम, यात्री परेशान

रुद्रप्रयाग : देवभूमि में खुशनुमा मौसम के चलते चारधाम यात्रा में भी तेजी आ गई है। बदरीनाथ-केदारनाथ की यात्रा पर बड़ी संख्या में तीर्थयात्री दर्शनों को पहुंच रहे हैं। ऐसे में हाईवे पर वाहनों की भी संख्या बढ़ गई है। बीते कई दिनों से सिरोबगड़ में जाम की स्थिति पैदा हो रही है। ऋषिकेश–बदरीनाथ हाईवे पर सिरोबगड़ में जहां एक ओर धूल का गुब्बार उड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर बार-बार जाम लगने से यात्रियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीते दो दिन पूर्व रात को भी सिरोबगड़ में काफी जाम रहा है, जबकि हर दिन इस स्थान पर वाहनों की संख्या बढ़ने से जाम की स्थिति पैदा हो रही है। हालांकि जाम खोलने के लिए कई बार पुलिस को भी मौके पर पहुंचना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर सिरोबगड़ के करीब 100 मीटर हिस्से में वाहनों की आवाजाही से धूल का गुब्बार उड़ रहा है। जबकि कई जगहों पर गड्ढे बने हैं जो दुर्घटना को भी निमंत्रण दे रहे हैं। यूकेडी के जिलाध्यक्ष बुद्धिबल्लभ ममगाईं, नरेंद्र ममगाईं, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष प्रशांत डोभाल आदि ने कहा कि सिरोबगड़ से खांकरा तक हाईवे की स्थिति फिर खस्ताहाल हो गई है। कई जगहों पर गड्ढे बने हैं जबकि धूल का गुब्बार उड़ रहा है।

## सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी को बताया अनैतिक

नई टिहरी : आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट ने कहा कि आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के घर पर केंद्र सरकार के दबाव में ईडी ने रेड की। लेकिन 10 घंटे की जांच के बाद भी ईडी सांसद के घर से कुछ भी ऐसा बरामद नहीं कर पाई, जो उनके खिलाफ सबूत बन सके। इसके बाद भी अनैतिक गिरफ्तारी की गई है। बिष्ट ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि सांसद संजय सिंह की बिना सबूत के गिरफ्तारी अनैतिक और कानून का मजाक बनाने जैसा है। इससे पहले विगत संसद के सत्र में वेल में जाकर अपनी बात कहने पर उनका निलंबन किया गया, जो कि एक सोची समझी साजिश दिखाई देती है। इससे पहले ऐसी ही दबिश मनीष सिसोदिया के घर पर भी डाली गई थी और अब अगले टारगेट संजय सिंह को गिरफ्तार करके आम आदमी की आवाज दबाने की नाकाम कोशिश की गई है। सांसद के रूप में संजय ने 5 सालों में हर संसद सत्र में अपने तर्कपूर्ण, ओजस्वी उद्बोधन से अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने कठिन से कठिन समय में बहुत मजबूती से मीडिया के माध्यम से जनता के सामने पार्टी का पक्ष रखने के अलावा कोई मौका नहीं चूका, जब भाजपा के जन विरोधी कारनामों को उजागर न किया हो। भाजपा सरकार की नाकामियों को उजागर करते रहे। उससे परेशान भाजपा ने ईडी को हथियार बनाकर गिरफ्तार किया है। आम आदमी पार्टी का कोई सिपाही इस तरह के हथकंडों से डरेगा नहीं। हम सब संजय सिंह के साथ हैं। (एजेंसी)

## मोटर मार्ग का डामर उखड़ने पर भड़के ग्रामीण

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर विकासखंड के अंतर्गत कपरोली मोटरमार्ग पर जगह-जगह डामर उखड़ने से हो रही दिक्कतों को लेकर ग्रामीणों ने कड़ा रोष व्यक्त किया है। इस संदर्भ में लोनिवि अस्थाई खण्ड कीर्तिनगर के अधिशासी अभियंता को ग्रामीणों ने ज्ञापन भी दिया। जिसमें ग्रामीणों ने मोटर मार्ग के डामरीकरण के कार्य में मानकों का पालन न किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कहा कि डामर उखड़ने से सड़क की स्थिति दयनीय होती जा रही है। यदि शीघ्र ही मार्ग की स्थिति ठीक नहीं हुई तो उन्हें उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों से मोटर मार्ग का निरीक्षण कर उचित कार्यवाही की मांग की है। मांग करने वालों में हरदेव कुमार, राजवीर सिंह, संदीप लाल, सुनील लाल, हरदेव लाल आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# ओवर स्पीड एवं ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें : डीएम



चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में गुरूवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षित उपाय करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा से संबधित सभी बिन्दुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभागों को निर्देशित किया कि सड़कों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता पर सुधारीकरण कार्य किए जाए। दुर्घटना संभावित स्थलों पर पैराफीट, क्रैशबैरियर एवं साइनेज लगाने को काम शीघ्र पूरा करें। सड़कों पर रोड सेफ्टी ऑडिट कार्य जल्द से जल्द पूरा करें। पुलिस, परिवहन एवं एसडीएम अपने क्षेत्रान्तर्गत वाहनों की चेकिंग पर विशेष ध्यान दें। ओवर स्पीड एवं ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। सड़कों पर सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी सुनिश्चित करें। इस दौरान पूर्व में घटित सड़क दुर्घटनाओं के कारण एवं क्षति, ब्लैक स्पॉट पर संचालित सुरक्षात्मक कार्यों की गहनता से समीक्षा की गई और सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान ने बताया कि पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा माह अगस्त एवं सितंबर में ओवरस्पीड के 36, ओवरलोडिंग में 20, भार वाहनों में यात्री ढोने पर 14, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने पर 22, शराब पीकर वाहन चलाने पर 12, बिना हेलमेट के 94, सीट वेल्ट, बिना डीएल, परमिट, फिटनेस व प्रदूषण सहित कुल 464 चालान तथा से 30 वाहनों को सीज किया गया है। चालान में 29.59 लाख प्रशमन शुल्क वसूला गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, संयुक्त मजिस्ट्रेट डॉ. दीपक सैनी, एसडीएम कुमकुम जोशी, पुलिस उपाधीक्षक नताशा सिंह, एसीएमओ डॉ. उमा रावत, सहायक सभागीय परिवहन अधिकारी ज्योति शंकर मिश्र समेत एनएच, लोनिवि, पीएमजीएसवाई, बीआरओ एवं अन्य सड़क निर्माणदायी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। (एजेंसी)

## चरस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

रुद्रप्रयाग : पुलिस ने 169 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम में मामला पंजीकृत कर दिया गया है। ड्रग्स फ्री देवभूमि-2025 मिशन को लेकर पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग डॉ. विशाखा अशोक भदाणे के निर्देशन में पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ धर पकड़ में लगी है।

इसी को लेकर चेकिंग अभियान में गुरुवार को पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन्स के पर्यवेक्षण व एसओजी प्रभारी के नेतृत्व में जनपद पुलिस ने अगस्त्यमुनि थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को 169 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसकी पहचान जीतपाल सिंह पुत्र जयवीर सिंह निवासी कांदी, पोस्ट बाड़व के रूप में की गई।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम भूलवश भावना खंतवाल (BHAWANA KHANTWAL) दर्ज हो गया है, जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम इशिका खंतवाल (ISHIKA KHANTWAL) है, जो कि आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में अंकित है।

अतः मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही व वास्तविक नाम इशिका खंतवाल (ISHIKA KHANTWAL) अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

**लोकेन्द्र दत्त निवासी सत्तीचौड़, पोस्ट निम्बूचौड़, तहसील कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1361/21)

## उत्तर रेलवे

G20 — आज़ादी का अमृत महोत्सव

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| टेन्डर संख्या/दिनांक | 191-DRM-MB-23-24 / 05.10.2023 | | |
| कार्य का नाम | Heavy roof repair in common hall of Sr. Boys School at Oak Grove School Jharipani in the section of SSE/W/DDN under ADEN/HW | | |
| अनुमानित लागत | 54,95,195.29 | धरोहर राशि | 1,09,900.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | | |
| टेन्डर संख्या/दिनांक | 192-DRM-MB-23-24 / 05.10.2023 | | |
| कार्य का नाम | New roof construction and false ceiling work of Dormitory at Jharipani in the jurisdiction SSE/W/DDN under ADEN/HW | | |
| अनुमानित लागत | 99,97,954.96 | धरोहर राशि | 2,00,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | | |
| टेन्डर संख्या/दिनांक | 193-DRM-MB-23-24 / 05.10.2023 | | |
| कार्य का नाम | Rebuilding of dilapidated RCC slab Bridges Bridge no. 1265 DN (2X3.05 m) in MB-SRE section under ADEN/RK | | |
| अनुमानित लागत | 1,19,48,760.62 | धरोहर राशि | 2,09,800.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह | | |
| टेन्डर संख्या/दिनांक | 194-DRM-MB-23-24 / 05.10.2023 | | |
| कार्य का नाम | Rebuilding of dilapidated RCC slab Bridges 1286 UP (1X3.06m) and 1263 DN (1x3.0m) on MB-SRE section under ADEN/RK | | |
| अनुमानित लागत | 65,76,090.83 | धरोहर राशि | 1,31,500.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | | |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 31.10.2023 16:00 | | |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 17.10.2023 | | |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 60 दिन | | |

पत्रांक - 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक : 05.10.2023 3093/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# छूटे राज्य आंदोलनकारियों को भी जारी करें प्रमाण पत्र



चमोली : उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष हरेन्द्र कंडारी की अध्यक्षता में रामलीला मैदान में हुई। बैठक में छूटे हुए राज्य आंदोलनकारियों का भी प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की है। साथ ही, पेंशन में वृद्धि करने, अंत्येष्ठी के समय राजकीय सम्मान दिये जाने, ब्लॉक स्तर पर राज्य आंदोलनकारियों का सिलापट बनाने जाने सहित कई अन्य मांगों का ज्ञापन तहसील पेशकार देवी प्रसाद के माध्यम से सीएम को प्रेषित किया। राज्य आंदोलनकारी महेश जुयाल का कहना है कि यदि सरकार उनकी मांगों पर गौर नही करती है तो वे आगामी 9 नवंबर राज्य स्थापना दिवस का बहिष्कार करने का मजबूर होंगे। इस मौके पर आंदोलनकारी पुष्कर रावत, सुरेन्द्र बिष्ट, सुरेश बिष्ट, जानकी रावत, महेश जुयाल, बलवंत सिंह, एसडी पाठक, कुसुमलता, जगदीश आदि थे। (एजेंसी)

## डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



चमोली : जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरूवार को राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीनें डबल लॉक में सुरक्षित पाई गई। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की गई। जिला मजिस्ट्रेट ने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम, साफ सफाई व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता अलादिया, तहसीलदार धीरज सिंह राणा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गीताराम उनियाल, कांग्रेस के मीडिया प्रभारी रवीन्द्र नेगी, कांग्रेस के आनंद सिंह, भाजपा के गोविन्द सिंह बजवाल, आम आदमी पार्टी के अनूप रावत आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)


## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, श्रीनगर (गढ़वाल) दूरभाषः 01346–252137, Email: dgmsrl.upcl@yahoo.com कॉरपोरेट आई०डी० संख्या (CIN) UA40109UP2001SG025867/2358

### निविदा सूचना

दिनांकः 05.10.2023

एतद्द्वारा इस मण्डल के अन्तर्गत निम्न कार्यों हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त विद्युत कार्यों हेतु 'ए' श्रेणी के लाइसेन्सधारकों, जो कि आयकर, ई0पी0एफ0, जी0एस0टी0, ई0एस0आई0 में पंजीकृत हो, तथा समान कार्य करने का अनुभव रखते हों, से सेमी टर्नकी के आधार पर कार्य किये जाने हेतु मुहरबन्द निविदायें दो भागों में, प्रथम भाग में धरोहर राशि, **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड श्रीनगर (गढ़वाल)** के नाम से न्यूनतम छः माह के लिए बन्धक व नियम व शर्तें तथा द्वितीय भाग में दरें, जो कि 180 दिन के लिए वैध हों, दिनांक 26/10/2023 के 11.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो कि उसी दिन 12.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 25/10/2023 के 12.00 बजे तक इस कार्यालय से नगद अथवा बैंक ड्रफ्ट /पे–आर्डर (जो कि अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड श्रीनगर (गढ़वाल) नाम हो) के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। बिना धरोहर राशि के निविदा भाग–द्वितीय नहीं खोला जाएगा। किसी अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। निर्दिष्ट तिथियों को अवकाश होने की स्थिति में निविदाएं अगले कार्य दिवस में विक्रय एवं खोली जाएंगी।

| निविदा संख्या | कार्य विवरण | अनुमानित लागत (रू0 लाख मे जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | धरोहर राशि (रू0 में) | पिछले 3 वर्षो का औसत टर्न ओवर (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 28/ विविमश्री 2023–24 | Construction of 11 KV line including De-Centralized material for NIT Pumping scheme under EDD, Srinagar | 22.96 | 69,000.00 | 69,00 लाख | रू0 1180 जी.एस.टी. सहित |

पत्रांकः 2184/वि0वि0म0श्री0/टी–9 अधीक्षण अभियन्ता

राष्ट्र हित में बिजली बचावें (टोल फ्री न0 :-1800 419 0405) विद्युत चोरी की सूचना हेतु सतर्कता अधिकारी से फैक्स 0135–2760911 एवं मोबाइल +91–8958811999 पर एस0एम0एस0 द्वारा रिपोर्ट करें।


## डीएसीई के लिए 15 तक भरे जाएंगें आवेदन

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि द्वारा संचालित डा. अंबेडकर सेंटर आफ एक्सीलेंस (डीएसीई) में प्रवेश के लिए आगमी 15 अक्तूबर तक आनलाइन आवेदन पत्र भरे जाएंगे। इस संदर्भ में गढ़वाल विवि के कुलसचिव डा. धीरज शर्मा ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा है कि डीएसीई में मेरिट के माध्यम से यूपीएससी/यूकेपीसीएस के लिए निशुल्क कोचिंग कार्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग(ओबीसी) के उम्मीदवार 15 अक्तूबर तक आपने आवेदन पत्र भर सकते है। कहा कि डीएसीई की संपूर्ण जानकारी के लिए छात्र-छात्राएं गढ़वाल विवि की वेबसाइडउ से ले सकते हैं। (एजेंसी)

## 8 अक्तूबर को होगी बैठक

नई टिहरी : स्वतंत्रता सेनानी एंव उत्तराधिकारी कल्याण समिति टिहरी की 8 अक्तूबर रविवार को सामुदायिक मिलन केंद्र नई टिहरी बौराड़ी में बैठक होगी। संगठन के जिलाध्यक्ष प्रीति सिंह चौहान ने बताया कि बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष एवं अन्य प्रांतीय पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बताया बैठक में स्वतंत्रता सेनानी एंव उनके उत्तराधिकारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाऐगी।

# लोक नृत्य और समूह गान में अगस्त्यमुनि अव्वल

रुद्रप्रयाग : ब्लाक मुख्यालय में जनपद स्तरीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता (शरदकालीन एवं शीतकालीन) प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हो गया। तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होंगी। पहले दिन हुई खेल प्रतियोगिताओं में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर पर लोक नृत्य में अगस्त्यमुनि ब्लाक प्रथम, ऊखीमठ द्वितीय व जखोली ब्लॉक तीसरे स्थान पर रहा। उच्च प्राथमिक स्तर पर समूह गान में अगस्त्यमुनि प्रथम, ऊखीमठ द्वितीय व जखोली तीसरे स्थान पर रहे।गुरुवार को खेल मैदान में शुरु हुई खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। खेल मैदान में स्पोर्ट्स फ्लैग का फहराने के साथ ही अगस्त्यमुनि, जखोली व ऊखीमठ विकासखंडों के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे खिलाड़ी छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट किया। जिसकी सलामी मुख्य अतिथि ने ली। इसके बाद राउप्रावि देवर की छात्रा स्मिता की ओर से मशाल दौड़ लगाई गई। इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक चौधरी ने शिक्षकों से शिक्षा के उन्नयन, शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने शिक्षकों से शिक्षा के क्षेत्र में हर प्रकार की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सदैव हर संभव प्रयास करने की बात कही। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य कुलदीप कंडारी ने शिक्षा एवं शिक्षार्थियों के हितों के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में जूहा शिक्षक संघ अध्यक्ष शिव सिंह पंवार, प्राशिसं अध्यक्ष विक्रम झिंक्वाण, जिला खेल समन्वयक मनवर रावत ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर खेल संयोजक खंड उपशिक्षाधिकारी अतुल सेमवाल, व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन बिष्ट, सते सिंह असवाल, हनीफ मोहम्मद, सहाबुद्दीन सिद्दकी, कुलदीप रावत, रघुवीर बुटोला, दिनेश भट्ट, सुंदर लाल, लखपत सिंह समेत भारी संख्या में शिक्षक व विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे छात्र-छात्राएं मौजूद थे। (एजेंसी)


## कार्यालय नगर पंचायत सतपुली, पौड़ी गढ़वाल

पत्रांक 204 /न0पं0 सतपुली / 2023-24 दिनांक 05 अक्टूबर, 2023

### // कोटेशन सूचना //

नगर पंचायत सतपुली क्षेत्रान्तर्गत प्रयोगार्थ बायो डायजेस्टर टैंक (मय स्थापन) की आवश्यकता है। उक्त सामान क्रय करने हेतु दरें आमंत्रित की जाती है। कोटेशन दिनांक 16 अक्टूबर 2023 को अपराहन 2.00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन क्रय समिति के समक्ष 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | सामान का विवरण | क्षमता |
|---|---|---|
| 01 | बायो डायजेस्टर टैंक | 1000 लीटर |
| 02 | बायो डायजेस्टर टैंक | 2500 लीटर |
| 03 | बायो डायजेस्टर टैंक | 5000 लीटर |

नोट - बिना किसी कारण के कोटेशन का स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सतपुली**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत सतपुली**
**दिनांक : 5 अक्टूबर 2023**

सम्पादकीय

# वैश्विक सहयोग ही आतंकवाद का उपचार

राजधानी दिल्ली में एक बार फिर आतंकवाद से लड़ने की नीति और क्रियान्वयन को लेकर विचार विमर्श किया गया है। इस बात की संभावनाएं जीति गई की आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए उन परिस्थितियों को भी नष्ट करना होगा जो आतंकी संगठनों को खड़ा करने में मदद करते हैं। निश्चित तौर पर भारत के लिए आतंकवाद एक ऐसा नासूर बन गया है जो समय-समय पर छोटे-बड़े दर्द देता आया है। तमाम कोशिश ऑन एवं व्यापक संसाधनों के बावजूद पड़ोसी देश एवं देश के अंदर भी पनप रहे आतंकी संगठनों को पूरी तरह से नष्ट करने में अब तक सुरक्षा एजेंसियां सफल साबित नहीं हो पाई हैं। हां इतना अवश्य है कि उल्लेखनीय तौर पर आतंकी घटनाओं पर रोकथाम लगाने में सरकार को सफलता मिली है तो वही छिपकर नागरिकों व सुरक्षा कर्मियों पर किए जाने आतंकी हमले का जवाब भी इस अंदाज में देखकर आतंकियों को ठिकाने लगाया गया है। अपने एक भी नागरिक व जवान की शहादत से पूरा देश आहत होता है और यह बेहद जरूरी है कि इस होने वाली जनहानि को पूरी तरह से रोका जाए। एक तरफ सरकार अपनी बैठकों में कहती है कि सभी आतंकवाद विरोधी एजेंसियों को ऐसा कठोर दृष्टिकोण अपनाना होगा कि नए आतंकवादी संगठन न बन सकें, तो दूसरी तरफ यह जानना भी बेहद जरूरी है कि अधिकांश आतंकी संगठन सीमा पर संरक्षण से फलते फूलते हैं जिन्हें आर्थिक एवं भौगोलिक मदद अंतरराष्ट्रीय इस्लामी आतंकी संगठनों से मुहैया कराई जाती है। हिंदुस्तान में कोई ऐसा आतंकी संगठन पनप रहा हो जिसे देश के अंदर ही संरक्षण प्राप्त हो रहा हो इसकी संभावनाएं कम है लिहाजा यह पुख्ता तौर पर स्पष्ट है कि पाकिस्तान में ऐसे कई आतंकी संगठनों को सिर्फ भारत विरोधी गतिविधियों एवं आतंकी षड्यंत्र के लिए प्रशिक्षित किया जा रहे हैं, जिन पर भारत सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है सिवाय तब तक जब तक वह अवैध तरीके से भारत की सीमा में प्रवेश नहीं करते। युद्ध करने के बदलते तरीकों एवं तकनीकों के बाद अब यह जरूरी हो गया है कि आतंकनिरोधी दिशा में कार्य करने वाले एनआईए, एटीएस और एसटीएफ का काम केवल जांच तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें लीक से हटकर सोचना चाहिए और आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए नए कदम उठाने चाहिए। बिना वैश्विक सहयोग के पूरी तरह से आतंक की जड़ों को मिटाना बेहद मुश्किल है, खासतौर से ऐसे समय में जब किसी देश को कमजोर करने के लिए संगठन एशिया एवं यूरोपीय देशों में फल-फूल रहे हो। विदेशी सरकारों को एक मंच पर आकर आतंक को मिटाने के लिए अपने देश में आतंकवाद को प्लेटफॉर्म देना बंद करना होगा। भारत की सुरक्षा एजेंसीयों ने पिछले कुछ वर्षों में आतंकवाद पर नियंत्रण करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है और इसी का परिणाम है कि आज न केवल कश्मीर घाटी, बल्कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र एवं पूवीत्तर में व्यापक तौर पर हिंसा में कमी देखने को मिली है। इन एजेंसीयों ने न केवल गोला-बारूद से बल्कि आतंकवादियों की विदेशी फंडिंग की चेन को भी काफी हद तक नष्ट किया है। भारतीय सुरक्षा एजेंसी आतंकवाद उन्मूलन की दिशा में बेहतरीन कार्य कर रही है लेकिन जब तक सीमा पार पनप रहे आतंकवाद एवं देश के अंदर आतंकवाद को समर्थन व संरक्षण देने वालों को नष्ट नहीं किया जाएगा तब तक यह चुनौती समाप्त होने वाली नहीं है।

# जाति गणना से बदलेगी राजनीति

**अजीत द्विवेदी**



अगले साल के लोकसभा चुनाव से पहले जहां प्रधानमंत्री अपनी वैश्विक लोकप्रियता के आधार पर विश्व मित्र की छवि पेश करके विपक्ष के नेताओं को बौना बनाने में लगे हैं वही विपक्ष की ओर से जाति गणना का पहला बड़ा दांव चला गया है। यह पूरे देश में लोकसभा के चुनाव का नैरेटिव बदलने वाला दांव है। हालांकि पक्के तौर पर यह नहीं कहा जा सकता है कि विपक्षी पार्टियों के गठबंधन को इसका बहुत बड़ा फायदा होगा, लेकिन यह संभव है कि इस दांव से विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी पिच छोड़ कर विपक्ष की पिच पर खेलने के लिए मजबूर करे। यह संभव है कि जातियों के खेल में किसी न किसी रूप में भाजपा भी उतरे और अपनी सोशल इंजीनियरिंग के दम पर विपक्ष को मात देने का प्रयास करे। अभी तक प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भारत को विश्व गुरू बनाने, 2047 तक भारत को विकसित बनाने, अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन जैसे मुद्दों की प्रत्यक्ष और जाति की परोक्ष राजनीति कर रही है लेकिन अब उसको जाति की राजनीति में खुल कर आना होगा।

जातियों की गणना से जो नया नैरेटिव बनेगा उसका सबसे बड़ा असर बिहार में होगा क्योंकि बिहार में पिछड़ी जातियों की आबादी 63 फीसदी से ज्यादा है और सवर्ण मतदाता सिर्फ साढ़े 15 फीसदी हैं, जिसमें मुस्लिम सवर्ण भी शामिल हैं। दलित आबादी 20 फीसदी के करीब है, लेकिन उसमें भी महादलित 15 फीसदी हैं, जिनकी राजनीति नीतीश कुमार करते हैं। सो, बिहार का रास्ता भाजपा के लिए मुश्कल हो गया परंतु बाकी किसी दूसरे राज्य में नुकसान की संभावना अपेक्षाकृत कम है। मिसाल के तौर पर पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश को लिया जा सकता है। वहां भाजपा को नुकसान नहीं होगा या बहुत कम होगा। इसका कारण यह है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग की राजनीति नब्बे के दशक के शुरू में ही कर दी थी। राज्य में पार्टी की पहली सरकार के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह थे। वे लोध जाति से आते थे। उनके अलावा हिंदुत्व के चेहरे के तौर पर विनय कटियार, ओमप्रकाश सिंह जैसे नेता मुखर थे।

ये दोनों भी पिछड़ी जाति से आते थे। उस समय तो भाजपा को इसका नुकसान हुआ लेकिन समय के साथ इन नेताओं की वजह से भाजपा अति पिछड़ी जातियों में अपनी पैठ बनाने में कामयाब रही। जैसे जैसे मुलायम सिंह यादव मुस्लिम और यादव राजनीति में गहरे तक धंसते गए वैसे वैसे भाजपा अति पिछड़ों में लोकप्रिय होती गई। भाजपा के खुद अति पिछड़ा राजनीति करने का फायदा यह हुआ कि उत्तर प्रदेश में कोई नीतीश कुमार नहीं पैदा हो सका।

बिहार में भाजपा को नुकसान इसलिए होगा क्योंकि बिहार में उसने हाल के दिनों तक सोशल इंजीनियरिंग पर ध्यान नहीं दिया था।

नब्बे के दशक में जब उत्तर प्रदेश में प्रयोग शुरू हो गए थे तब बिहार में कैलाशपति मिश्र सबसे बड़े नेता थे। पार्टी की कमान उनके हाथ में थी और उनके साथ साथ सीपी ठाकुर, लालमुनि चौबे, शैलेंद्र नाथ श्रीवास्तव, यशवंत सिन्हा, अश्विनी चौबे, राधामोहन सिंह आदि सबसे मुखर नेता थे। एकमात्र पिछड़ा चेहरा सुशील मोदी का था। बहुत बाद में जब भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग शुरू की तो पता नहीं किस रणनीति के तहत लालू प्रसाद के परिवार से यादव वोट छीनने का प्रयास शुरू किया। इसके लिए रामकृपाल यादव केंद्र में मंत्री और नित्यानंद राय प्रदेश में अध्यक्ष बनाए गए। हुकूमदेव नारायण यादव को भी बड़ी तरजीह दी गई तो बिहार में सुशील मोदी के बाद सबसे महत्वपूर्ण मंत्री नंदकिशोर यादव हुए। भूपेंद्र यादव बिहार के प्रभारी बने। इस राजनीति से भाजपा को रत्ती भर फायदा नहीं हुआ। बाद में उसने प्रेम कुमार, रेणु देवी, तारकिशोर प्रसाद आदि के चेहरे आगे किए लेकिन उसका भी कोई फायदा नहीं हुआ।

कह सकते हैं कि भाजपा के साथ एनडीए में रहते हुए नीतीश कुमार ने यह सुनिश्चित किया कि भाजपा ऐसी कोई राजनीति नहीं कर सके, जिससे उनको नुकसान हो। तभी अब जब नीतीश कुमार भाजपा से अलग हैं और उनकी सरकार ने जाति गणना करा कर उसके आंकड़े जारी किए हैं तो भाजपा को समझ में नहीं आ रहा है कि वह क्या करे। अब भाजपा को या तो किसी तरह से नीतीश कुमार को वापस एनडीए में लाने का प्रयास करना होगा या बिहार में बनी छोटी छोटी जातीय पार्टियों को महत्व देना होगा।

जाति गणना के आंकड़े आने से जीतन राम मांझी की पूछ बढ़ेगी, जिनकी मुसहर जाति की आबादी तीन फीसदी से ज्यादा है। उपेंद्र कुशवाहा का महत्व बढ़ेगा क्योंकि कोईरी आबादी सवा चार फीसदी के करीब है।

चिराग पासवान को तरजीह मिलेगी क्योंकि दुसाध और उसकी उपजातियों की आबादी पांच फीसदी से ज्यादा है। मल्लाहों की राजनीति करने वाले मुकेश सहनी को पूछना पड़ेगा क्योंकि मल्लाह और उसकी उपजातियों की आबादी नौ फीसदी के करीब है। इन सबको साथ लेने के बाद भी इस बात की गारंटी नहीं होगी कि भाजपा पिछला प्रदर्शन दोहराए क्योंकि लालू प्रसाद और नीतीश कुमार के पास पिछड़ा, अति पिछड़ा, मुस्लिम, महादलित और सवर्ण मतदाताओं का बड़ा समूह है।

बहरहाल, बिहार के बाहर जैसे उत्तर प्रदेश में कोई खास असर इसका नहीं होगा वैसे ही दूसरे राज्यों में भी बड़े असर की संभावना नहीं है। मध्य प्रदेश में भाजपा पिछले 20 साल से अति पिछड़ी जातियों को आगे करके राजनीति कर रही है। उसने 2003 में उमा भारती को मुख्यमंत्री का दावेदार बना कर लड़ा था और चुनाव जीता था। उसके बाद से उसके सारे मुख्यमंत्री पिछड़ी जाति के रहे हैं।

राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों में अगड़ा-पिछड़ा की राजनीति का कार्ड बहुत कामयाब नहीं होगा। भाजपा के पक्ष में एक बात यह भी जाती है कि जाति गणना के बाद पहला चुनाव लोकसभा का है।

अगर बिहार में विधानसभा का चुनाव पहले होता तो उसमें भाजपा का सूपड़ा साफ हो सकता था। लेकिन पहला चुनाव चूंकि लोकसभा का है और नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए है इसलिए भाजपा एडवांटेज ले सकती है। वह प्रचार कर सकती है कि मोदी खुद अति पिछड़ी जाति से आते हैं, जिनको प्रधानमंत्री बनने से रोकने की राजनीति नीतीश और लालू कर रहे हैं। चूंकि लालू चुनाव नहीं लड़ सकते हैं और नीतीश के प्रधानमंत्री बनने की संभावना नगण्य है इसलिए भाजपा अति पिछड़े मतदाताओं को मोदी के पक्ष में मोड़ सकती है।

इसकी काट में भाजपा के पास दूसरा दांव जस्टिस जी रोहिणी आयोग की रिपोर्ट का है। यह रिपोर्ट पिछले दिनों सरकार को सौंपी गई, जो पिछड़ी जातियों के वर्गीकरण के बारे में है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि देश की 26 सौ से ज्यादा पिछड़ी जातियों में नौ सौ से कुछ ज्यादा जातियां ऐसी हैं, जिनको आरक्षण का कोई लाभ नहीं मिला है। उनके एक भी सदस्य को सरकारी नौकरी नहीं मिली है। इसमें यह भी बताया गया है कि चुनिंदा मजबूत जातियों ने आरक्षण का पूरा लाभ लिया है। इसलिए उनके आरक्षण में कमी करके अत्यंत पिछड़ी और कमजोर जातियों का आरक्षण बढ़ाने का प्रावधान किया जा सकता है।

हालांकि यह भी एक तरह से भाजपा का जाति राजनीति में घुसना होगा लेकिन जातीय गणना से भाजपा को मात देने का दांव खेल रही पार्टियों का खेल बिगाड़ने के लिए जस्टिस रोहिणी आयोग की रिपोर्ट कारगर साबित हो सकती है। लेकिन यह राजनीति इतने पर रूकने वाली नहीं है। जातियों के आंकड़े आने के बाद अगला दांव आरक्षण बढ़ाने का होगा। उसका देश की राजनीति पर व्यापक असर हो सकता है।

# शहद के साथ मिलाकर खाएं ये एक चीज...हर तरह की खांसी होगी जड़ से खत्म, गले की खराब से भी मिलेगा छुटकारा



हमारे घरों में कई ऐसी चीज होती हैं, जो सेहत से जुड़ी कई तरह की समस्याओं को जड़ से खत्म कर सकती हैं. अब शहद और लौंग को ही ले लीजिए. जिनका सेवन न सिर्फ इम्यूनिटी को मजबूत बना देता है, बल्कि इंफेक्शन और सर्दी-खांसी की छुट्टी कर सकता है. आइए जानते हैं शहद और लौंग से क्या-क्या फायदे हो सकते हैं...

हर तरह की खांसी की छुट्टी

बदलते मौसम में काली, गीली और सूखी खांसी तेजी से फैलती है. खांस-खांसकर परेशान हो जाते हैं तो लौंग को भूनकर शहद के साथ सेवन करें. इससे खांसी जड़ से खत्म हो सकती है. यह काफी कारगर दवा मानी जाती है.

गले की खराश खत्म

शहद में कफ को दबाने वाले गुण होते हैं. गले की खिंच-खिंच से परेशान हैं तो उससे राहत दिलाने में यह मदद कर सकता है. लौंग सर्दी-खांसी रोकने में मदद करता है. दोनों का सेवन कई तरह से लाभकारी हो सकता है.

सर्दी-जुकाम से राहत

शहद के साथ लौंग मिलाकर सेवन करना नेचुरल कफ सिरप का काम करता है. इनमें एंटी वायरल और एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जिससे खांसी और सर्दी की समस्या से राहत मिल सकती है.

पाचन बनाए बेहतर

शहद प्रीबायोटिक और प्रोबायोटिक गुणों वाला माना जाता है. यह आंतों में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने में अहम रोल निभाता है. लौंग और शहद को साथ लेने से पेट से जुड़ी बीमारियां दूर हो सकती हैं. इसका सेवन पाचन को बेहतर बनाने का काम करता है.

वजन कम करने में मददगार

वजन कम करने में लौंग और शहद काफी कारगर माने जाते हैं. यह मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर वेट लॉस में मदद कर सकता है. इसलिए अगर आप मोटापे और वजन की समस्या से परेशान हैं तो लौंग शहद का साथ में सेवन करें.

मुंह के छालों का अंत

अगर आप मुंह के छालों से परेशान हैं तो लौंग और शहद का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है. यह छालों का अंत कर सकता है. लौंग का चूर्ण और शहद के साथ हल्दी मिलाकर छाती पर लेप लगाना चाहिए.

लिवर के लिए लाभकारी

शहद और लौंग लिवर के लिए जबरदस्त फायदेमंद होते हैं. दोनों का साथ में सेवन करने से लिवर डिटॉक्सीफाई करने में मदद मिल सकती है. इससे लिवर हेल्दी बना रहता है. इसलिए लौंग और शहद के सेवन की सलाह दी जाती है.

# चीन की आर्थिकी को वायरस !

**श्रुति व्यास**



**चीनी अधिकारी आम लोगों को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। अब तक सरकारी संस्थाओं के निशाने पर रियल एस्टेट कंपनियां और बैंकों के अधिकारी रहे हैं। लेकिन इस गिरावट के लिए असली दोषी राजनीति है। परंपरागत रूप से अर्थव्यवस्था संबंधी जिम्मेदारियां चीन के दूसरे सबसे शक्तिशाली व्यक्ति प्रधानमंत्री को निभानी होती हैं। और वर्तमान प्रधानमंत्री ली चांग अपेक्षाकृत कमजोर हैं। मार्च में नियुक्त हुए चांग इस पद तक केवल राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मेहरबानी से पहुंचे हैं। देश की संपन्नता कायम रखना उनकी जिम्मेदारी है। लेकिन मोटे तौर यह लक्ष्य अक्सर देश की सुरक्षा के सवोच्च लक्ष्य के बाद दूसरे स्थान पर आता है। ली उत्साह से भरे और जानकार व्यक्ति हैं लेकिन वे स्टेट काउंसिल (चीन के मंत्रिमंडल) को केवल पार्टी के विचारों के कार्यान्वयन की एजेंसी के रूप में देखते हैं**

ड्रेगन लस्त-पस्त हो चला है। चीन की अर्थव्यवस्था लडखड़ा रही है। उसके उद्यमों का कुल कर्ज़ देश की जीडीपी से भी ज्यादा हो गया है। रियल एस्टेट कारोबार ढह रहा है। वहां के प्रापर्टी बाज़ार के शहंशाह एवरग्रांड की हालत उसके दो बड़े अधिकारियों की हिरासत के बाद से खराब है। ब्याज दरें घटाने के बाद भी उद्यमी कर्ज़ नहीं ले रहे हैं। और धन के प्रवाह के डाटा से पता चलता है कि चीनी कारोबारों के वित्तीय घाटे में हाल के वर्षों में गिरावट आई है। खबरों के अनुसार कम से कम बैलेंसशीट की दृष्टि से चीन मंदी की गिरफ्त में जा चुका है। बूढ़ी होती जनता और अन्य देशों से तनावपूर्ण रिश्तों के बीच चीन के लिए चारों तरफ अँधेरा नजर आ रहा है। इसके नतीजे में चीन की अर्थव्यवस्था पर जनता का भरोसा अपने सबसे निचले स्तर तक पहुंच चुका है। वे खर्च करने और निवेश करने दोनों में हिचकिचा रहे हैं। इसकी बजाए अपना पैसा बैंक में रखना पसंद कर रहे हैं। वे रियल एस्टेट खरीदना नहीं चाहते, जो एक समय अर्थव्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा था। एवरग्रांड पहले से ही दिवालियेपन की कगार पर है, और अन्य प्रापर्टी डेवलपर भी इसी दिशा में बढ़ रहे हैं। प्रापर्टी डेवलपर्स के शेयरों में 7.1 प्रतिशत की गिरावट आ गई है।

चीन के विकास का श्रेय काफी हद तक रियल एस्टेट व्यापार को दिया जा सकता है। प्रापर्टी व्यवसाय का चीन की अर्थव्यवस्था में 30 प्रतिशत का योगदान था, जो रोजगार का बड़ा जरिया था और जिसमें चीन का मध्यम वर्ग अपनी बचत का निवेश करता था। स्थानीय सरकारों को भी ज़मीन की खरीदी-बिक्री से राजस्व मिलता था। इस तरह प्रापर्टी व्यवसाय, बैंकिग क्षेत्र और स्थानीय सरकारों के कर्जे एक दूसरे से जुड़े हुए थे। इस संकट के आने के पहले कई वर्षों तक ज़मीनों के बिकने से प्राप्त होने वाली राशि स्थानीय सरकारों की आय का सबसे बड़ा हिस्सा होती थी जिसका कुल आय में योगदान 20 से 30 प्रतिशत के बीच होता था। रियल एस्टेट डेवलपर्स सरकार से जमीन खरीदते थे, जो ज्यादातर मामलों में बैंकों से कर्ज लेकर खरीदी जाती थी।

बैंकों को पता रहता था कि जो कर्ज़ वे दे रहे हैं वह आसानी से वापस आ जायेगा और चीनी निवेशकों को इसमें निवेश फायदे का सौदा लगता था। स्थानीय सरकारें भी भविष्य में होने वाले भूमि विक्रय के आधार पर कर्ज ले लेती थीं। इस तंत्र से जुड़े व्यक्ति भी एक-दूसरे से जुड़े रहते थेः डेवलपर, बैंककर्मी और सरकारी अधिकारी मिलते-बैठते थे और इसके हर चरण में भ्रष्टचार होता था। यहां तक कि इसे लेकर संगठित अपराध भी होते थे। यह सिर्फ परिवारों द्वारा मकान खरीदने में निवेश तक सीमित नहीं था बल्कि कई कंपनियां, जिनके पास अतिरिक्त धन होता था, वे उसे अपने व्यवसाय में लगाने के बजाए रियल एस्टेट में निवेश करती थीं क्योंकि इसमें बहुत अधिक फायदा होता था।

लेकिन अब देश की जनसंख्या पहले की तरह नहीं बढ़ रही है और कई सालों तक कोविड-19 से जुड़ी सख्त पाबंदियां लगी रहने से चीनी उपभोक्ता आशंकित है। सरकार ने भी रियल एस्टेट के क्षेत्र में जोखिमपूर्ण सौदों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की है। इस सबका मिला-जुला प्रभाव यह हुआ कि रियल एस्टेट डेवलपर्स कर्ज के भारी बोझ तले दबेगए हैं और बिक्री के लिए उपलब्ध मकानों की संख्या खरीदारों की संख्या से ज्यादा हो गयी है। और चीनी सरकार, राज्य के निर्देशन में निवेश और निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था की बजाए घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा खरीददारी पर आधारित अर्थव्यवस्था की ओर जाने का प्रयास कर रही है।

चीनी अधिकारी आम लोगों को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। अब तक सरकारी संस्थाओं के निशाने पर रियल एस्टेट कंपनियां और बैंकों के अधिकारी रहे हैं। लेकिन इस गिरावट के लिए असली दोषी राजनीति है। परंपरागत रूप से अर्थव्यवस्था संबंधी जिम्मेदारियां चीन के दूसरे सबसे शक्तिशाली व्यक्ति प्रधानमंत्री को निभानी होती हैं। और वर्तमान प्रधानमंत्री ली चांग अपेक्षाकृत कमजोर हैं। मार्च में नियुक्त हुए चांग इस पद तक केवल राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मेहरबानी से पहुंचे हैं। देश की संपन्नता कायम रखना उनकी जिम्मेदारी है। लेकिन मोटे तौर यह लक्ष्य अक्सर देश की सुरक्षा के सवोच्च लक्ष्य के बाद दूसरे स्थान पर आता है। ली उत्साह से भरे और जानकार व्यक्ति हैं लेकिन वे स्टेट काउंसिल (चीन के मंत्रिमंडल) को केवल पार्टी के विचारों के कार्यान्वयन की एजेंसी के रूप में देखते हैं, विचारों के स्त्रोत के रूप में नहीं। एक समय फलते-फूलते आवासीय सेक्टर के एक बुलबुले की तरह फूटने की स्थिति में आ जाना इसका एक बड़ा उदाहरण है। शी जिनपिंग ने कहा था ''घर रहने के लिए है, सट्टेबाजी के लिए नहीं'' ।काउंसिल ने राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के आधार पर उग्र वैचारिक अभियान शुरू कर दिया।

जब शी जिनपिंग ने सन् 2012 में सत्ता संभाली तब चीन अजेय था, उसकी अर्थव्यवस्था की वृद्धि जबरदस्त गति से हो रही थी। यह वृद्धि आवासीय सेक्टर की बदौलत थी, जो बीजिंग के अधिकारियों के नेतृत्व में नहीं हो रही थी वरन् इसका श्रेय स्थानीय सरकारों को जाता था। लेकिन जैसे-जैसे शी शक्तिशाली होते गए इस माडल की चमक कमज़ोर पड़ने लगी। पहले केन्द्र सरकार द्वारा लगाए गए कड़े वित्तीय प्रतिबंधों के भीतर रहते हुए स्थानीय संस्थाओं के बीच कड़ी प्रतियोगिता होती थी। अब ऐसा नहीं है। शी ने स्थानीय सरकारों पर अधिक सख्त वित्तीय नियम लाद दिए हैं। नतीजा यह कि अब वे अर्थव्यवस्था को एक फिर धक्का देकर रीस्टार्ट करने की स्थिति में नहीं है। चीन के मंदी के एक लंबे दौर में जाने का खतरा इसलिए नहीं है कि निजी क्षेत्र निवेश नहीं करना चाहता बल्कि इसलिए है कि केन्द्र सरकार अपनी बैलेंस शीट को खराब करना नहीं चाहती। इसका सबसे बुरा नतीजा एवरग्रांड जैसे बड़े प्रापर्टी डेव्लपर्स को भुगतना पड़ेगा क्योंकि रियल स्टेट की तबाही के लिए स्थानीय सरकारों के अधिकारियों को कठघरे में खड़ा किया जाएगा। ये अधिकारी एक-दूसरे पर दोष मढेंगे झ और ज्यादा बड़ी संख्या में लोग जेल की सलाखों के पीछे भेजे जाएंगे। चीनी ड्रेगन हांफने लगा है।

# जाति गणना से नीतीश को फायदा !




बिहार में जातिगत सर्वेक्षण के आंकड़े जारी कर दिए गए हैं। हालांकि इससे जुड़ा मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में लंबित है लेकिन चूंकि आंकड़े जारी करने पर कोई रोक नहीं थी तो सरकार ने इसे जारी कर दिया। इसके मुताबिक बिहार में पिछड़ों की आबादी 63 फीसदी है, जिसमें 36 पिछड़ी अत्यंत पिछड़े हैं और 27 फीसदी पिछड़ी जातियां हैं। इसमें मुस्लिम पिछड़ों की संख्या शामिल है। हिंदू सवर्णों की आबादी महज साढ़े 10 फीसदी है और अनुसूचित जाति व जनजातियों की आबादी करीब 22 फीसदी है। कुल मुस्लिम आबादी 17.7 फीसदी है, जिसमें करीब पांच फीसदी सवर्ण हैं।

जाति गणना के आंकड़े से एक बाद स्थापित हुई है कि लालू प्रसाद का मुस्लिम-यादव समीकरण बहुत मजबूत है। मुस्लिम आबादी 17.7 और यादव आबादी 14.2 है। इस लिहाज से लालू प्रसाद का समीकरण 32 फीसदी वोट का है। लेकिन सबसे ज्यादा फायदा नीतीश कुमार को होता दिख रहा है। नीतीश बिहार में अति पिछड़ों के सबसे बड़े और संभवतः इकलौते नेता हैं। हालांकि उनकी अपनी जाति कुर्मी पिछड़ी जाति में आती है, जिसका 2.86 फीसदी वोट है। वे कोईरी और धानुक की राजनीति भी करते हैं क्योंकि ये ये दोनों जातियां उनके समीकरण में आती हैं। इन दोनों की साझा आबादी छह फीसदी से कुछ ज्यादा है।

कर्पूरी ठाकुर ने सबसे पहले पिछड़ों और अति पिछड़ों को अलग करके दोनों के लिए अलग अलग आरक्षण की व्यवस्था की थी। लालू प्रसाद और राबडी देवी के राज में राजद ने इस फॉर्मूले पर ध्यान नहीं दिया। लेकिन नीतीश ने बहुत होशियारी से इसे आगे बढ़ाया। बिहार में उन्होंने अति पिछड़ों को 18 फीसदी आरक्षण दिया और पिछड़ों को 12 फीसदी। नीतीश ने दलित के भीतर भी महादलित का एक अलग वर्ग बनाया। बिहार में दलित आबादी 20 फीसदी के करीब बताई गई है, जिसमें दुसाध और उसकी उप जातियां पांच फीसदी से कुछ ज्यादा हैं। नीतीश की सरकार ने इस जाति को छोड़ कर बाकी सबको महादलित में रखा है, जिनका वोट 15 फीसदी के करीब है। इसमें तीन फीसदी के करीब मुसहर हैं, जिनके नेता जीतन राम मांझी हैं, जो अभी भाजपा के साथ हैं। सो, मोटे तौर पर 10 से 12 फीसदी दलित वोट के नेता भी नीतीश ही हैं।

इस तरह से नीतीश 36 फीसदी अति पिछड़ा, सात फीसदी के करीब कोईरी-कुर्मी और 10 से 12 फीसदी दलित मतदाताओं में पहली पसंद होंगे। अगर मंडल की पार्टियों में से किसी नेता को चुनना होगा तो साढ़े 10 फीसदी सवर्ण मतदाताओं का बड़ा हिस्सा नीतीश को पसंद करेगा। इस लिहाज से जाति गणना के दांव से नीतीश ने अपनी स्थिति बहुत मजबूत की है। राजद और कांग्रेस को उनकी जरूरत है तो भाजपा भी इन आंकड़ों की रोशनी में नीतीश के बारे में गंभीरता से विचार करेगी। सो, अब नीतीश के दोनों हाथों में लड्डू है। बिहार की राजनीति में अप्रासंगिक होते होते कैसे उन्होंने अपने को राजनीति के केंद्र में स्थापित किया यह उसकी मिसाल है।

००

## पाकिस्तान अफगानिस्तान सीमा पर गोलीबारी में 2 लोगों की मौत

**काबुल ,एजेंसी।** पाकिस्तान–अफगानिस्तान सीमा पर हुई गोलीबारी में एक 12 वर्षीय बच्चे सहित कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम एक व्यक्ति घायल हो गया है। पाकिस्तानी इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान के 04 अक्टूबर को शाम चार बजे, बलूचिस्तान में पाकिस्तान–अफगानिस्तान सीमा पर चमन बॉर्डर क्रॉसिंग के फ्रेंडशिप गेट पर कार्यरत एक अफगान संतरी ने पाकिस्तान से अफगानिस्तान की ओर आने वाले पैदल यात्रियों पर अकारण और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी में एक बच्चा समेत दो लोगों की मौत हो गई है और एक बच्चा घायल हो गया। आईएसपीआर ने कहा कि घायल बच्चे को तुरंत सुरक्षा बलों ने बचाया और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। बयान में कहा गया है कि अफगान अधिकारियों से पहले ही संपर्क किया जा चुका है कि वे इस तरह के गैरजिम्मेदार और लापरवाह कृत्य का कारण पूछें, अपराधी को पकड़ें और पाकिस्तानी अधिकारियों को सौंप दें। आईएसपीआर ने यह भी कहा कि अफगानिस्तान में अधिकारियों से अपेक्षा की गई थी कि वे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचने के लिए अपने सैनिकों पर नियंत्रण रखें और जिम्मेदारी से कार्य करने के लिए अनुशासन प्रदान करें। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान शांति, समृद्धि और विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## ट्रंप ने चुनाव अभियान के लिए तीसरी तिमाही में 45 .5 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाए

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चुनाव अभियान ने रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के लिए तीसरी तिमाही में 45 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाने की घोषणा की है। एक बयान में कहा गया कि ट्रंप ने सितंबर के अंत में 37.5 मिलियन डॉलर से अधिक नकदी जुटाई, जिसमें से लगभग 36 मिलियन डॉलर प्राइमरी अभियान के लिए रखे गए हैं।

तीसरी तिमाही का कुल धन ट्रंप की संयुक्त धन उगाहने वाली समिति के जरिए जुटाया गया था – जो उनके आधिकारिक अभियान और 'सेव अमेरिका' राजनीतिक कार्रवाई समिति के बीच विभाजित किया गया है।

फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस के अभियान ने पहले घोषणा की थी कि तीसरी तिमाही में उनके जुटाए गए 15 मिलियन डॉलर में से केवल 5 मिलियन डॉलर प्राइमरीके लिए उपलब्ध थे।

ट्रंप और डेसेंटिस जुलाई से सितंबर के बीच धन जुटाने के कुल योग की घोषणा करने वाले पहले दो उम्मीदवार हैं। सभी उम्मीदवारों को 15 अक्टूबर को संघीय अभियान वित्त नियामकों को अपने धन उगाहने और खर्च का विवरण जमा करना होगा।

## फिलीपींस के राजधानी क्षेत्र में आग लगने से 4 की मौत

**मनीला ,एजेंसी।** फिलीपींस के राजधानी क्षेत्र में सुबह एक घर में आग लग जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। अग्नि सुरक्षा ब्यूरो ने यह जानकारी दी। ब्यूरो ने कहा कि उत्तर–पश्चिमी टैगुइग शहर के एक गांव में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 4.00 बजे आग लग गई।

ब्यूरो ने कहा कि संकरी गलियों के कारण अग्निशमन कर्मियों को गांव में प्रवेश करने में संघर्ष करना पड़ा। अग्निशमन कर्मियों ने 40 मिनट बाद आग पर काबू पा लिया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# संविधान ने सभी को दिए समान अधिकार, फिर क्यों नहीं हो रही जातिगत जनगणना : प्रियंका गांधी



**मोहनखेड़ा, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज महिला आरक्षण और जातिगत जनगणना के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जब संविधान ने देश में सभी को समान अधिकार दिए हैं तो सरकार जातिगत जनगणना क्यों नहीं करा रही। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के पूर्व प्रदेश के आदिवासीबहुल धार जिले के मोहनखेड़ा के दौरे पर आईं श्रीमती वाड्रा ने अपने संबोधन में आदिवासियों और महिलाओं को केंद्र में रखा। उन्होंने महिला आरक्षण के मुद्दे पर पार्टी का रुख रखते हुए कहा कि कांग्रेस ने इसका समर्थन किया, लेकिन बाद में ये पता चला कि ये आरक्षण 10 साल बाद लागू होगा और इसके पहले जातिगत जनगणना और परिसीमन आवश्यक है। इसी क्रम में उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जब ये 10 साल बाद लागू होगा तो इसका मतलब क्या है। इसी क्रम में वे यहां तक कह गईं कि क्या सरकार ने महिलाओं को मजाक समझा है।

उन्होंने लगातार महिलाओं का आह्वान करते हुए कहा कि ये आरक्षण महिलाओं का अधिकार है। उन्होंने महिलाओं के मुद्दे पर ही प्रदेश सरकार को भी घेरते हुए कहा कि मध्यप्रदेश महिलाओं और बच्चियों के गायब होने के मामले में नंबर एक पर है। श्रीमती वाड्रा ने मोहनखेड़ा के पास स्थित अमका–झमका मंदिर से जुड़े कृष्ण–रुक्मिणी प्रसंग का संदर्भ देते हुए कहा कि जिस प्रकार रानी रुक्मिणी ने कृष्ण को दुनिया भर के लांछन से बचाने के लिए रथ के घोड़े की कमान अपने हाथ में ली, उसी प्रकार अब महिलाओं को अपने बच्चों के भविष्य की 'लगाम' अपने हाथ में लेनी होगी।

राज्य के पश्चिमी हिस्से में स्थित धार जिले के इस मंदिर के संबंध में मान्यता है कि यहीं से श्री कृष्ण ने रुक्मिणी का हरण किया था।

श्रीमती वाड्रा इसी संदर्भ में बोल रहीं थीं। स्थानीय आदिवासियों के बीच ये मंदिर श्रद्धा का बड़ा केंद्र है। कांग्रेस की इस जनाक्रोश रैली में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पार्टी महासचिव रणदीप सुरजेवाला, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। श्रीमती वाड्रा ने आदिवासीबहुल इस क्षेत्र के अपने दौरे के दौरान आदिवासियों को अपनी दादी स्वर्गीय इंदिरा गांधी से भी जोड़ा। उन्होंने कहा कि स्वगीय इंदिरा गांधी ने हमेशा आदिवासियों को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कभी आदिवासियों की परंपराओं को बदलने की कोशिश नहीं की।

उन्होंने कहा कि उनकी दादी बहुत बड़ी हस्ती थीं। इसका कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी महापुरुष तब बन पाता है, जब वो जनता के साथ भरोसे का रिश्ता जोड़ता है। उन्होंने कहा कि उनकी दादी दिन–रात काम लोगों के लिए काम करती थीं और उनका किसी से भी इकतरफा रिश्ता नहीं था। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के पहले जातिगत जनगणना का मुद्दा उठाते हुए कहा कि संविधान से सभी को समान अधिकार प्राप्त हैं, तो फिर देश में जातिगत जनगणना क्यों नहीं हो रही। उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार पर चुप हो जाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बिहार ने हाल ही में जातिगत जनगणना के आंकड़े जारी किए हैं। उसके हिसाब से वहां ओबीसी, दलित और जनजाति वर्ग की 84 फीसदी आबादी है। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि जब इस वर्ग की इतनी आबादी है तो क्या इस वर्ग की बड़े–बड़े पदों पर भी इतनी ही भागीदारी है।

## अमेरिका ने ईरान से जब्त किए हथियारों को यूक्रेन भेजा

**वाशिंगटन ,एजेंसी** । यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बताया कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जब्त किए गए लगभग 1.1 मिलियन 7.62 मिमी गोला बारूद को यूक्रेनी सशस्त्र बलों को स्थानांतरित कर दिया गया है। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने जारी अपने बयान में बताया कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) से जब्त किए गोला बारूद को यूक्रेनी सशस्त्र बलों को सोमवार को स्थानांतरित कर दिया गया।

बताया गया, सरकार ने आईआरजीसी के खिलाफ न्याय विभाग के नागरिक जब्ती दावों के माध्यम से 20 जुलाई को इन हथियारों का स्वामित्व प्राप्त किया। इन हथियारों को मूल रूप से सेंटकॉम नौसैनिक बलों द्वारा 9 दिसंबर, 2022 को ट्रांजिटिंग स्टेटलेस ढो मारवान से जब्त किया गया था। बयान में कहा गया, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2216 का उल्लंघन करते हुए युद्ध सामग्री को आईआरजीसी से यमन में हौथिस को स्थानांतरित किया जा रहा था।

सेंटकॉम ने आगे कहा कि वाशिंगटन अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों सहित सभी वैध तरीकों से क्षेत्र में ईरानी घातक सहायता के प्रवाह का मुकाबला करने के लिए हमारे सहयोगियों और भागीदारों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें यह भी कहा गया है कि सशस्त्र समूहों के लिए ईरान के समर्थन से अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा, हमारी सेना, राजनयिक कर्मियों और क्षेत्र में नागरिकों के साथ–साथ हमारे सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा है।

न्याय विभाग द्वारा बुधवार को जारी एक अलग बयान में, अटॉर्नी जनरल मेरिक बी. गारलैंड ने कहा, इस हथियार हस्तांतरण के साथ, एक सत्तावादी शासन के खिलाफ न्याय विभाग की जब्ती की कार्रवाई अब सीधे तौर पर दूसरे सत्तावादी शासन के खिलाफ यूक्रेनी लोगों की लड़ाई का समर्थन कर रही है।

## लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल की लोकसभा सदस्यता फिर से हुई रद्द



**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** लक्षद्वीप से एनसीपी के लोकसभा सांसद मोहम्मद फैजल की लोकसभा सदस्यता फिर से रद्द हो गई है। एक आपराधिक मामले में केरल उच्च न्यायालय द्वारा 3 अक्टूबर 2023 को मोहम्मद फैजल के खिलाफ फैसला सुनाए जाने पर लोकसभा सचिवालय ने उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द करने को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है।

दरअसल, केरल उच्च न्यायालय ने हत्या के प्रयास के एक मामले में उनकी सजा को निलंबित करने वाली उनकी याचिका को ही खारिज कर दिया है। केरल उच्च न्यायालय के फैसले के बाद लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह के हस्ताक्षर से लोकसभा सचिवालय द्वारा बुधवार, 4 अक्टूबर को उन्हें अयोग्य घोषित करने को लेकर जारी अधिसूचना के अनुसार, केरल उच्च न्यायालय द्वारा 3 अक्टूबर 2023 को दिए गए फैसले को ध्यान में रखते हुए केंद्रशासित प्रदेश लक्षद्वीप के लक्षद्वीप संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मोहम्मद फैजल पी.पी. को भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 (1) (ई ) के प्रावधानों एवं जनप्रतिनिधि कानून, 1951 की धारा 8 के तहत उन्हें अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने और सजा सुनाने की तारीख यानी कि 11 जनवरी 2023 से लोक सभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराया जाता है।

आपको बता दें कि लक्षद्वीप के कवरत्ती के सत्र अदालत द्वारा मुकदमा संख्या झ 01/2017 में लक्षद्वीप से सांसद मोहम्मद फैजल को 11 जनवरी 2023 को सजा सुनाने के बाद नियमानुसार लोक सभा सचिवालय ने 13 जनवरी, 2023 को एक नोटिफिकेशन जारी कर उन्हें अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने और सजा सुनाने की तारीख यानी कि 11 जनवरी 2023 से लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहरा दिया था।

हालांकि बाद में मोहम्मद फैजल की याचिका पर केरल हाईकोर्ट ने 25 जनवरी को उनकी सजा पर रोक लगा दी थी। इस रोक के बाद भी जब उनकी संसद सदस्यता को फिर से बहाल नहीं किया गया तो उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

## सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के मुख्य सचिव को 9 अक्टूबर को तलब किया

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने पिछले 20 वर्षों से कर्मचारियों को वेतन देने से संबंधित मामले में झारखंड के मुख्य सचिव को तलब किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने 9 अक्टूबर को राज्य सरकार के सर्वोच्च नौकरशाह की व्यक्तिगत मौजूदगी का आदेश दिया, क्योंकि यह पाया गया कि कई बार नोटिस दिए जाने के बावजूद झारखंड सरकार की ओर से कोई पेश नहीं हुआ।आदेश में कहा गया है, इतने संवेदनशील मामले में झारखंड सरकार सो रही है और एक वकील नियुक्त करने की भी परवाह नहीं कर रही है। झारखंड के मुख्य सचिव 09.10.2023 को इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहें।

## चंद्रायन—3: अब तक प्रज्ञान रोवर से नहीं हो सका संपर्क!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरे भारत के लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान से दोबारा संपर्क नहीं हो सका है। जिसके बाद कहा जा रहा है कि भारत का यह महात्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशन यहीं पर पूरा हो गया है। इससे पहले, तीन सितंबर 2023 मिशन का सबसे खास हिस्सा प्रज्ञान रोवर गहरी नींद में सो गया था। वहीं इसके अगले दिन चार सितंबर को विक्रम लैंडर स्लीप मोड में चला गया था। एक बार सौर ऊर्जा और बैटरी खत्म होने पर विक्रम प्रज्ञान के बगल में सोएगा। तब इसरो ने कहा था कि 22 सितंबर के आसपास उनके जागने की उम्मीद है। हालांकि एजेंसी के पूर्वानुमानों के मुताबिक ऐसा नहीं हुआ।

पूर्व में अंतरिक्ष एजेंसी ने स्लीप मोड प्रक्रिया की शुरुआत के दौरान कहा था कि फिलहाल बैटरी पूरी तरह से चार्ज है। सौर पैनल 22 सितंबर को अगले अपेक्षित सूर्योदय पर रोशनी हासिल करने की प्रतीक्षा में है। साथ ही रिसीवर को भी चालू रखा गया है। एजेंसी ने यह भी कहा था कि असाइनमेंट के दूसरे सेट के लिए रोवर के जागने की उम्मीद है। इसी दौरान इसरो ने चंद्रयान–3 के रोवर 'प्रज्ञान' के न जागने की स्थिति में अगले कदम के बारे में भी बताया था। इसरो ने कहा था कि अगर ऐसी स्थिति आएगी तो यह हमेशा के लिए चांद पर भारत द्वारा भेजे गए एक दूत के रूप में वहां रहेगा।बता दें कि लैंडर और रोवर को हमारी पृथ्वी के 14 दिन यानी चंद्रमा पर एक दिन तक कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया था। हालांकि, दोनों 12वें दिन ही स्लीप मोड में चले गए थे। चंद्रमा पर अपने छोटे से जीवन में प्रज्ञान ने दो सितंबर तक 100 मीटर से अधिक की यात्रा पूरी कर ली थी। चंद्रयान–3 मिशन चंद्रयान–2 का ही अगला चरण है, जिसने चंद्रमा की सतह पर उतरकर वैज्ञानिक परीक्षण किए। मिशन ने 14 जुलाई को दोपहर 2:35 बजे श्रीहरिकोटा केन्द्र से उड़ान भरी थी और योजना के अनुसार 23 अगस्त को चंद्रमा पर उतरा था। इस मिशन से भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसके साथ ही चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला भारत पहला देश बन गया।

## 'हमारा ध्यान कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में समानता सुनिश्चित करने पर', तनाव के बीच भारत की दो टूक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कनाडा से अपने राजनयिकों की संख्या सीमित करने के आह्वान को दोहराया। कनाडा से राजनयिकों की संख्या सीमित करने को कहने के मामले में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमने भारत में कनाडा की राजनयिक उपस्थिति में समानता की मांग की है। इस संबंध में चर्चा जारी है। उन्होंने आगे कहा कि भारत का प्राथमिक ध्यान दो चीजों पर है, पहला कनाडा में ऐसा माहौल होना, जहां भारतीय राजनयिक ठीक से काम कर सकें और दूसरा कूटनीतिक ताकत के मामले में समानता हासिल कर सकें। गौरतलब है कि बीते महीने भी भारत ने कनाडा के आंतरिक मामलों में राजनयिक हस्तक्षेप का हवाला दिया था। साथ ही कहा था कि राजनयिक कर्मचारियों की संख्या में समानता होनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि यूके में दो अक्तूबर को एक विरोध प्रदर्शन हुआ था और हमने निश्चित रूप से वहां राजनयिकों और परिसरों की सुरक्षा पर अपनी चिंताओं को यूके के अधिकारियों के सामने उठाया है। यह एक सतत बातचीत रही। हमारा मुद्दा सुरक्षा का है और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि हमारे राजनयिक सामान्य रूप से कार्य करने में सक्षम हैं। हमारे परिसर सुरक्षित हैं और समुदाय को लक्षित नहीं किया गया है।

इस दौरान उन्होंने नई दिल्ली में अफगानिस्तान के दूतावास द्वारा एक अक्तूबर से परिचालन बंद करने पर भी प्रतिक्रिया दी। इस मुद्दे पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमारी समझ यह है कि नई दिल्ली में दूतावास काम कर रहा है या काम करना जारी रखेगा। हम वहां मौजूद अफगान राजनयिकों और मुंबई और हैदराबाद में वाणिज्य दूतावासों में मौजूद अफगान राजदूत के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, हमें पिछले सप्ताह कथित तौर पर दूतावास से संचार प्राप्त हुआ था, जिसमें संकेत दिया गया था कि वह सितंबर के अंत में परिचालन को निलंबित करने का इरादा रखते है। बेशक, ऐसा निर्णय यह एक विदेशी मिशन का आंतरिक मामला है। हालांकि, हमने नोट किया है कि मुंबई और हैदराबाद में अफगान वाणिज्य दूतावासों ने उस निर्णय या ऐसे निर्णय पर अपनी आपत्ति व्यक्त की है। हम यह भी जानते हैं कि राजदूत की लंबे समय से अनुपस्थिति रही है और हाल के दिनों में बड़ी संख्या में अफगान राजनयिकों ने भारत छोड़ दिया है। हम उम्मीद करेंगे कि छात्रों सहित भारत में बड़ी संख्या में अफगान नागरिक आवश्यक कांसुलर समर्थन प्राप्त करना जारी रख सकेंगे। हम अपनी ओर से अफगानिस्तान के लोगों की सहायता के लिए अपने प्रयास जारी रखेंगे।

## मेरठ : प्रेमी–प्रेमिका ने होटल में फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त की

**मेरठ ,(एजेंसी)।** यूपी के मेरठ जिले के कंकरखेडा थाना इलाके में बीती शाम को 20 वर्षीय एक युवक और उसकी 19 वर्षीय प्रेमिका ने जेपी होटल एक कमरे में छत से लटके पाए गए। मृतकों की पहचान आमिर (20) और साजिदा (19) के रूप में हुई। दोनों उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के रहने वाले हैं।

पुलिस ने कहा कि युवक दूध बेचने का काम करता था और दोनों पड़ोसी थे। बताया जा रहा है कि आमिर और साजिदा एक–दूसरे से प्रेम करते थे और शादी करना चाहते थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि उन्होंने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। युवती अपनी प्रेमी के साथ मंगलवार को लापता हो गई थी। परिजनों ने इस संबंध में बुधवार को मुजफ्फरनगर जिले के थाना रतनपुरी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने तलाश शुरू की तो इनकी मोबाइल की आखिरी लोकेशन मेरठ के जेपी होटल में मिली। आखिरकार देर शाम पुलिस कंकरखेड़ा थाना अंतर्गत स्थित जेपी होटल में पहुंची। यहां का एंट्री रजिस्टर चेक किया तो आमिर और साजिदा के नाम दर्ज पाए गए।

पुलिस कमरे में पहुंची तो वो लॉक मिला। दरवाजा तोडक़र खुलवाया गया तो अंदर दोनों की लाश बरामद हुईं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## इंडियन नेवी 14 ने विकसित किया एंटी स्वार्म ड्रोन हथियार, युद्धक जहाजों की ड्रोन हमले से करेगा रक्षा

**नई दिल्ली ,(एजेंसी)।** आज के समय की पारंपरिक लड़ाईयों में ड्रोन्स काफी अहम हो गए हैं और रूस–यूक्रेन युद्ध ये यह बात साबित भी हो गई है। यही वजह है कि विभिन्न देशों की सेनाएं ऐसे हथियार विकसित कर रही हैं, जो उन्हें ड्रोन्स के हमले से बचाएं। भारतीय नौसेना ने भी इस दिशा में बड़ी कामयाबी हासिल की है। दरअसल नौसेना ने एक ऐसा हथियार विकसित किया है जो उसके युद्धक जहाजों को ड्रोन के हमले से बचाएगा।भारतीय नौसेना ने 30 एमएम का एक ऐसा हथियार विकसित किया है जो स्वार्म ड्रोन्स के हमले से बचाएगा। इस हथियार की खासियत ये है कि यह हवा में युद्धक जहाज के आसपास एक रक्षा कवच बना सकता है।

## देवरिया कांड: सीओ, एसडीएम से लेकर सिपाही तक नपे

### लापरवाही बरतने वाले 15 अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर गिरी गाज

**लखनऊ, एजेंसी** । देवरिया में भूमि विवाद में छह लोगों की हत्या के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस के 15 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निलंबित करने, उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही करने और तबादला करने का आदेश दिया, जिसके बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू हो गयी। बृहस्पतिवार को घटना की गहन समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि दोषी कोई भी हो, हर एक पर कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल शासन की रिपोर्ट में देवरिया की तहसील एवं थाना रूद्रपुर स्थित ग्राम फतेहपुर में घटित घटना के संबंध में दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की घोर लापरवाही एवं कर्तव्यपालन में शिथिलता संज्ञान में आने के बाद यह सख्त कदम उठाया गया है। है। जांच में सामने आया कि विवाद के संबंध में सत्य प्रकाश दुबे द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा करने के संबंध में आईजीआरएस के अंतर्गत अनेक शिकायतें मुख्यमंत्री संदर्भ के रूप में ऑनलाइन पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग को भेजी गई थीं। दोनों विभाग के संबंधित अधिकारियों द्वारा गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेकर निस्तारण नहीं कराया गया।

## मणिपुर मानवाधिकार आयोग ने छात्रों के आंदोलन के दौरान पुलिस की ज्यादती पर रिपोर्ट मांगी

**इंफाल ,(एजेंसी)।** हाल ही में दो छात्राओं की हत्या के खिलाफ छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन के कथित इस्तेमाल पर विवाद के बीच मणिपुर मानवाधिकार आयोग (एमएचआरसी) ने इंफाल पश्चिम जिले के पुलिस अधीक्षक को एक रिपोर्ट सौंपने को कहा है और पूछा है कि इंफाल में रैलियां कर रहे छात्रों के खिलाफ अत्यधिक बल प्रयोग करने का आदेश किसने दिया?

अध्यक्ष न्यायमूर्ति उत्पलेंदु बिकास साहा (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाले आयोग ने आयुक्त (गृह) से यह भी बताने को कहा कि मामले की सुनवाई की अगली तारीख तक या उससे पहले घायल छात्रों को कितना अंतरिम मुआवजा दिया जा सकता है। न्यायमूर्ति साहा ने बुधवार को तीन अस्पतालों का दौरा किया, जहां पेलेट गन से घायल नौ छात्रों का इलाज चल रहा है।एमएचआरसी के सूत्रों ने कहा कि आयोग ने सिंगजामेई ओकराम लीकाई के निंगथौजम जीत सिंह और असम के शिवसागर के मुकुल फुकोन की दो शिकायतों के आधार पर मामला उठाया, शिकायतों का विषय छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन पर सशस्त्र बलों और सुरक्षा बलों द्वारा अमानवीय और क्रूर दुर्व्यवहार था।शिकायतों में आरोप लगाया गया कि 26 और 27 सितंबर को 17 वर्षीय छात्रा हिजाम लिनथोइंगंबी और 6 जुलाई को 20 वर्षीय फिजाम हेमजीत की हत्या और सुरक्षा बलों द्वारा नियमों का उल्लंघन कर छात्रों पर अत्यधिक बल किया गया।मारी गईं दोनों छात्राओं की तस्वीरें 25 सितंबर को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रसारित की गईं, जिसके बाद तीव्र आंदोलन शुरू हो गया, जिसमें सुरक्षा बलों के साथ झड़प में लड़कियों सहित कम से कम 100 छात्र घायल हो गए। झड़प तब शुरू हुई, जब उन्हें मुख्यमंत्री के बंगले की ओर मार्च करने से रोका गया।


G20 उत्तर रेलवे आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–नीलामी

मुरादाबाद मंडल के Moradabad स्टेशन पर 'Contract for packing of two wheeler and other parcel packing service near outward parcel shed" 3 साल हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 19.10.2023 टाइम 11:00 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। ई–नीलामी दिनांक 19.10.2023 को www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3084/23

G20 उत्तर रेलवे आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई–नीलामी सूचना

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 31 एस.एल.आर: **14320** (F-I, F-II, R-I), **22918** (F-I), **14236** (F-I, F-II, R-I), **14321** (F-I), **14311** (F-I), **14718** (F-I, F-II, R-I), **12091** ((F-I, F-II, R-I), **14310** (F-I), **14318** (F-I), **14315** (F-I, F-II, R-I),**14609** (F-I), **14605** (F-I), **12037** (F-I), **15120** (F-I), **12018** (F-I), **14887** (F-I,F-II,R-I), **14304** (F-I,F-II,R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 19.10.2023 (Timings: 10:30 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं
- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 32 एस. एल. आर: **18478** (F-II), **13010** (F-I, F-II, R-I) , **12370** (F-I, F-II), **19566** (F-I, F-II, R-I), **12912** (F-I), **14308** (F-I, F-II, R-I), **14631** (F-I, F-II, R-I), **19610** (F-I), **15006** (F-I), **14230** (F-I, F-II, R-I), **12056** (F-I), **12328** (F-I, F-II), **14042** (F-I, F-II, R-I), **14120** (F-I), **14306** (F-I, F-II, R-I), **12172** (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई– नीलामी के तहत दिनांक 20.10.2023 (Timings: 10:30 am) को बोली आमंत्रित करने हेतु सूचना हिंदी एवं अंग्रेजी में संलगन कर प्रकाशन हेतु आपके पास भेजी जा रही है। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3083/23

# मुक्केबाज लवलीना ने जीता सिल्वर, चीनी खिलाड़ी से फाइनल में मिली हार



हांगझोऊ ,भारत की लवलीना बोरगोहेन ने एशियन गेम्स 2023 में महिलाओं की 75 किग्रा मुक्केबाजी में रजत पदक जीता। बॉक्सिंग गोल्ड मेडल फाइनल में भारतीय मुक्केबाज को चीन की ली कियान के खिलाफ 5–0 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बता दें कि चीनी मुक्केबाज पूर्व विश्व चैंपियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता रह चुकी हैं।

लवलीना बोरगोहेन ने इस साल की शुरुआत में विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में ली कियान का सामना किया था और उन्हें 4:1 के स्प्लिट डिसीजन से हराया था। ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने अपनी इस कैटेगरी के फाइनल में जगह बनाकर पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

भारतीय मुक्केबाज और चीनी बॉक्सर ने इस स्वर्ण पदक मैच में शुरुआत से ही रिंग में आक्रमक रुख़ इख़्तियार किया। लवलीना बोरगोहेन पहले राउंड में थोड़ी रक्षात्मक नज़र आई। हालांकि, उन्होंने कुछ अच्छे पंच लगाकर जजों का ध्यान अपनी ओर ज़रूर खींचा।वहीं, दूसरे और आखिरी राउंड में भारत की लवलीना ने अपने फुटवर्क का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए राइंड हैंड से कई पंच जड़े, लेकिन चीनी मुक्केबाज थोड़ी ज्यादा आक्रामकर नज़र आईं और उन्होंने इस गोल्ड मेडल को सर्वसम्मत निर्णय से अपने नाम कर लिया।आपको बता दें, नेशनल ओलंपिक कमेटी के पास ओलंपिक खेलों में अपने संबंधित देशों का प्रतिनिधित्व करने के लिए विशेष अधिकार है। पेरिस खेलों में एथलीटों की भागीदारी उनकी हह्लष्ट पर निर्भर करती है, जो उन्हें पेरिस 2024 में अपने प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनती है।एशियन गेम्स 2023 में बॉक्सिंग पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए एक क्वालीफायर इवेंट भी है। पुरुषों की स्पर्धाओं में, सात भार वर्गों में से प्रत्येक में स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को पेरिस 2024 के लिए कोटा जारी किया जाएगा। महिलाओं की कैटेगरी में, 66 किग्रा और 75 किग्रा के अलावा सभी कैटेगरी के लिए चार कोटा शामिल हैं। 66 किग्रा और 75 किग्रा में पुरुषों की तरह दो बर्थ दी जाएंगी।वहीं, दिन के अन्य मुकाबले में भारतीय मुक्केबाज परवीन हुड्डा एशियन गेम्स 2023 में बॉक्सिंग के 57 किग्रा सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की लिन यू टिंग से हार गईं और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। परवीन हुड्डा बनाम लिन यू टिंग मुकाबले में सभी जजों ने चीनी ताइपे की मुक्केबाज को सर्वसम्मत निर्णय (5:0) से विजेता घोषित किया।

इस तरह परवीन हुड्डा ने हांगझोऊ में एशियन गेम्स 2023 कांस्य पदक और पेरिस ओलंपिक कोटा के साथ अपना अभियान समाप्त किया। हांगझोऊ में आयोजित एशियन गेम्स 2023 में भारत के पांच मुक्केबाजों ने पदक जीते। जहां लवलीना बोरगोहेन ने रजत तो निकहत जरीन, परवीन हुड्डा, नरेंद्र बेरवाल और प्रीति पवार ने कांस्य पदक अपने नाम किया।भारत ने हांगझोऊ में पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए चार बॉक्सिंग कोटा भी हासिल किए जिसमें निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुड्डा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) के नाम शामिल हैं।

## भारतीय क्रिकेट टीम के गब्बर का हुआ तलाक, कोर्ट ने दी बेटे से मिलने की इजाजत





नई दिल्ली , दिल्ली की एक अदालत ने क्रिकेटर शिखर धवन को मानसिक क्रूरता के आधार पर उनकी पत्नी आयशा मुखर्जी से तलाक दे दिया। पटियाला हाउस कोर्ट के न्यायाधीश हरीश कुमार ने तलाक याचिका में धवन द्वारा किए गए सभी दावों को स्वीकार कर लिया, क्योंकि उनकी पत्नी ने आरोपों का विरोध नहीं किया या अपना बचाव नहीं किया।

अदालत ने धवन को हुई मानसिक पीड़ा को स्वीकार किया, जो लंबे समय तक अपने इकलौते बेटे से अलग रहने के लिए मजबूर थे। बच्चे की स्थायी हिरासत पर कोई आदेश जारी नहीं करते हुए, अदालत ने धवन को भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों में अपने बेटे के साथ समय बिताने का अधिकार दिया और उनके बीच वीडियो कॉल की अनुमति दी।

इसके अलावा, अदालत ने मुखर्जी को शैक्षणिक कैलेंडर के भीतर स्कूल की छुट्टियों की कम से कम आधी अवधि के दौरान बच्चे की भारत यात्रा की सुविधा प्रदान करने का आदेश दिया, जिसमें धवन और उसके परिवार के साथ रात भर रहना भी शामिल है।एक प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के रूप में धवन के कद को पहचानते हुए, अदालत ने उनसे अपने बेटे के साथ मुलाक़ात या हिरासत के मामलों, विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया में अपने समकक्ष से जुड़े मामलों को हल करने में सहायता के लिए केंद्र सरकार से संपर्क करने का आग्रह किया।

इससे पहले, अदालतों ने माना था कि अकेले मां के पास बच्चे पर विशेष अधिकार नहीं होता। दोनों ने तलाक और बच्चे की कस्टडी को लेकर भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों में कानूनी कार्यवाही शुरू की थी। कोर्ट ने बच्चे को भारत लाने पर आपत्ति जताने पर आयशा मुखर्जी को फटकार भी लगाई थी।

## एशियन गेम्स 2023 : मिश्रित 35 किलोमीटर पैदल चाल स्पर्धा में मंजू रानी और राम बाबू की जोड़ी ने जीता कांस्य



मिश्रित टीम स्पर्धा में मंजू रानी और राम बाबू की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता है। इसी स्पर्धा में चीन को स्वर्ण और जापान ने रजत पदक जीता है।इस पदक के साथ भारत की यहां चल रहे एशियाई खेलों में कुल पदकों की संख्या 70 हो गई है और इसकी के साथ भारत ने एशियाई खेलों में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बराबरी कर ली है।उल्लेखनीय है कि भारत ने 2018 में जकार्ता में हुए एशियाई खेलों में 16 स्वर्ण, 23 रजत, 31 कांस्य समेत कुल 70 पदक हासिल किए थे।

हांगझोउ , मंजू रानी और राम बाबू की जोड़ी ने मिश्रित 35 किलोमीटर पैदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज 35 किमी पैदल चाल

## एशियन गेम्स 2023 : भारत ने पुरुष कबड्डी स्पर्धा में थाईलैंड को 63—26 से हराया



हांगझोउ ,भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने एशियाई खेलों में ग्रुप ए के अपने दूसरे मुक़ाबले में थाईलैंड को 63–26 से हरा दिया है। जिआओशान गुआली स्पोर्ट्स सेंटर में आज कबड्डी मैट पर पवन सहरावत की अगुवाई वाली टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए थाईलैंड को चार बार ऑल आउट कर मुकाबला 63–26 से जीत लिया। थाईलैंड के खिलाड़ी पूरे मैच में अधिक प्रभावशाली नहीं रहे और सिर्फ एक सुपर टैकल करने में सफल रहे। इस 37 अंकों की जीत ने भारत को ग्रुप ए की अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया है। चीनी ताइपे की टीम ने भी अपने दोनों मैचों में जीत दर्ज की है लेकिन उनका प्वाइंट अंतर प्लस 37 का है जबकि भारत का प्वाइंट अंतर प्लस 74 है।पवन सहरावत की अगुवाई वाले भारतीय टीम ने प्रतियोगिता में अपना वर्चस्व बनाए रखा और पहले हाफ में थाईलैंड को 3 बार ऑल–आउट करते हुए 28 अंकों की बड़ी बढ़त हासिल की। रेडर नवीन कुमार और अर्जुन देशवाल ने भारतीय कबड्डी टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। भारतीय टीम ने मैच शुरू होने के बाद कुछ मिनट बीतते ही थाईलैंड को पहली बार ऑल–आउट करते हुए 12–2 की बढ़त हासिल कर ली। इसके तुरंत बाद, थाईलैंड ने एक सुपर रेड करते हुए नवीन कुमार, सुनील और परवेश को मैट से बाहर कर दिया। हालांकि, जल्दी ही भारत ने अपने तीनों खिलाड़ियों को रिवाइव कर लिया।

हालांकि, भारत की संतुलित टीम ने लगातार शानदार प्रदर्शन जारी रखा और थाईलैंड को मैच में दूसरी बार ऑल–आउट कर 27–9 की बढ़त बनाई। इसके बाद, भारत की ओर से कुछ बेहतरीन टैकल और अर्जुन देशवाल की एक शानदार रेड की बदौलत थाईलैंड की टीम एक बार फिर से ऑल–आउट हो गई। सलम इनामदार और आकाश शिंदे की मदद से भारत ने अपनी बढ़त को 28–9 से 37–9 तक पहुंचाकर पहला हाफ ख़त्म किया।

# फिल्मी दुनियां

## सलमान खान ने जारी किया फर्रे का पहला पोस्टर, 24 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म



बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की भांजी अलीजेह अग्निहोत्री इन दिनों अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।वह फिल्म फर्रे में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी।जहां बीते दिन सलमान ने सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर फिल्म का टीजर जारी किया था तो वहीं अब फर्रे का पहला पोस्टर सामने आ चुका है, जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। पोस्टर में ज़ेन शॉ, साहिल मेहता और प्रसन्ना बिष्ट के साथ सलमान खान की भतीजी अलीज़ेह भी नज़र आ रही हैं। यह फ़िल्म पहली नज़र में एक ज़बरदस्त मनोरंजक थ्रिलर है; हालाँकि, हम इसे और अधिक देखने के बाद ही इसके बारे में अधिक जानेंगे। यह फिल्म 24 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

सलमान ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर फिल्म फर्रे का पहला पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मिलिए इन सुपर टैलेंटेड शैतानों से। फर्रे 24 नवंबर को सिनेमाघरों में। इस फिल्म में अलीजेह के अलावा सौमेंद्र पाधी, साहिल मेहता, जेन शॉ, प्रसन्ना बिष्ट, रोनित बोस रॉय, जूही बब्बर सोनी और नवीन येरनेनी जैसे कलाकार भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।फिल्म का निर्माण सलमान अपने प्रोडक्शन हाउस सलमान खान फिल्म्स के तले कर रहे हैं।

इस बीच अभिनय के मोर्चे पर, सलमान खान टाइगर 3 की रिलीज के लिए तैयार हो रहे हैं, जिसमें कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी भी हैं।

मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित और यशराज फिल्म्स के तहत आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित, यह टाइगर जिंदा है (2017) की अगली कड़ी है, और वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में पांचवीं किस्त है। यह युद्ध (2019) और पठान (2023) की घटनाओं के बाद सेट किया गया है।

## विजय एंटनी की हिटलर का फर्स्ट लुक जारी

चेंदुर फिल्म इंटरनेशनल, जिसने छह फिल्मों का सफलतापूर्वक निर्माण किया है, को अपने प्रोडक्शन नंबर 7 की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जिसका नाम हिटलर है, जिसमें विजय एंटनी मुख्य भूमिका में हैं और धना द्वारा निर्देशित हैं। फिल्म को चेंदुर फिल्म इंटरनेशनल टी.डी. राजहा द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जो डी.आर. के साथ इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। संजय कुमार। गौरतलब है कि इसी प्रोडक्शन हाउस ने पहले ही विजय एंटनी के साथ कोडियिल ओरुवन नाम से एक सुपरहिट फिल्म का निर्माण किया था।

मौलिक रूप से विशिष्ट मोशन पोस्टर और विजय एंटनी के ताज़ा और नए रूप दोनों ने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है, जिससे हिटलर उनकी पसंदीदा वॉचलिस्ट फिल्मों में से एक बन गई है। इस फिल्म में रिया सुमन मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

## फिल्म मिशन रानीगंज का नया गाना कीमती जारी, अक्षय कुमार ने परिणीति चोपड़ा संग किया रोमांस



अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म मिशन रानीगंज को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों की मिली–जुली प्रतिक्रिया मिली। वहीं, अब मिशन रानीगंज का गाना कीमत जारी कर दिया गया है, जिसमें परिणीति चोपड़ा और अक्षय कुमार रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं।मिशन रानीगंज के इस गाने में परिणीति चोपड़ा रेट्रो लुक में नजर आ रही हैं। अक्षय कुमार भी पंजाबी लुक में हैंडसम लग रहे हैं। गाने को विशाल मिश्रा ने गया और कंपोज किया है, जबकि गाने के लिरिक्स कौशल किशोर ने तैयार किए हैं।मिशन रानीगंज की शूटिंग के लिए प्रोडक्शन हाउस ने असली सुरंग बनाई। इसके लिए 40 फुट गहरा एक गड्ढा किया गया। प्रोडक्शन टीम्स ने कोयला खदानों की हर जानकारी का सटीक स्टडी करने और उसे रिस्क्रिप्ट के लिए एक मिशन शुरू किया।

कई हफ्तों तक प्रोडक्शन टीम से लगभग कई लोगों को रियल माइनिंग लोकेशन्स पर भेजा गया ताकि सुरक्षा और सटीकता का ध्यान रखते हुए कहानी से मैच होने वाले सेट को तैयार किए जा सके।मिशन रानीगंज का प्रोडक्शन पूजा एंटरटेनमेंट ने किया है।

फिल्म के निर्माताओं में वाशु भगनानी, जैकी भगनानी, दीपशिखा देशमुख और अजय कपूर का नाम शामिल है। वहीं, डायरेक्शन टीनू सुरेश देसाई ने किया है।

## 'टाइगर नागेश्वर राव' का धमाकेदार ट्रेलर हुआ रिलीज, फुल ऑन एक्शन अवतार में नजर आए रवि तेजां



रवि तेजा ने कई हिट फिल्में दी हैं, जिनमें पुरी जगन्नाध द्वारा निर्देशित कमर्शियली सक्सेसफुल फिल्म 'इटलू श्रावणी सुब्रमण्यम' के साथ–साथ 'इडियट', 'वेंकी', 'ना ऑटोग्राफ' और 'क्रैक' जैसी कई अन्य फिल्में शामिल हैं. हाल ही में एक्टर ने चिरंजीवी के साथ एक और हिट फिल्म ' वाल्टेयर वीरय्या' दी थी. वहीं अब रवि तेजा 'टाइगर नागेश्वर राव' में स्टुअर्टपुरम के सबसे बड़े चोर के रूप में पूरे भारत के दर्शकों को लुभाने के लिए तैयारी कर रहे हैं. फिल्म में अनुपम खेर, नुपुर सेनन, गायत्री भारद्वाज, रेनू देसाई, जिशु सेनगुप्ता और मुरली शर्मा ने भी अहम रोल प्ले किया है.

टाइगर नागेश्वर राव का ट्रेलर लॉन्च करने के लिए रवि तेजा पहली बार मुंबई आए हैं और आज फाइनली इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है. टाइगर नागेश्वर राव का ट्रेलर कमजोर दिल वालों के लिए नहीं है.कुल्हाड़ी से सिर काटने से लेकर लोगों पर यातना देने वाले तरीकों का इस्तेमाल करने तक, वामसी के निर्देशन की यह झलक इस बात की पुष्टि करती है कि फिल्म एक्शन पैक्ड होने वाली है.

## जवान हुई 600 करोड़ी, फुकरे 3 ने किया कमाल, द वैक्सीन वॉर का हाल बेहाल



शाहरुख खान की जवान की रिलीज को 1 महीना पूरा होने वाला है और बॉक्स ऑफिस पर इसका जलवा बरकरार है।चौथे हफ्ते भी फिल्म ने खूब कमाई की। इसी के साथ जवान ने बॉलीवुड में अब 600 करोड़ रुपये के क्लब की शुरुआत कर दी है, वहीं फिल्म फुकरे 3 भी दर्शकों को खूब गुदगुदा रही है। इस फिल्म को भी छुट्टी का पूरा फायदा मिला है।आइए जानते हैं वीकेंड में किस फिल्म ने कितनी कमाई की।

जवान ने 25वें दिन 8.80 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ भारत में इसकी कमाई लगभग 604 करोड़ रुपये हो गई है।फिल्म रिकॉर्डतोड़ रफ्तार से आगे बढ़ रही है। सबसे कमाऊहिंदी फिल्म बन चुकी जवान ने 25वें दिन में 600 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर इतिहास रच दिया है। यह आंकड़ा पार करने वाली ये पहली हिंदी फिल्म बन चुकी है।दुनियाभर में फिल्म की कमाई 1,000 करोड़ रुपये के पार हो चुकी है।

भोली की टोली फुकरापंती करने के लिए फिर सिनेमाघरों में लौट आई है।फुकरे 3 पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है। वरुण शर्मा, पंकज त्रिपाठी और ऋचा चड्ढा अभिनीत इस फिल्म ने बीते रविवार को बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे।

रिपोर्ट के मुताबिक, इसने चौथे दिन 15.25 करोड़ रुपये अपने खाते में जोड़े, वहीं तीसरे दिन फिल्म की कमाई 11.67 करोड़ रुपये थी। यह अब तक भारत में 43.55 करोड़ रुपये बटोर चुकी है।

विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द वैक्सीन वॉर की बॉक्स ऑफिस पर हालत बेहद खराब है। निर्माताओं ने टिकट पर ऑफर भी निकाला है, लेकिन फिल्म को इसका कोई खास फायदा नहीं हुआ।यह फिल्म सिनेमाघरों में 28 सितंबर को फुकरे 3 और चंद्रमुखी 2 के साथ रिलीज हुई थी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com